


वर्ष : 27 | अंक : 49 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 08 फरवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# कमल का कमाल, ढह गई केजरीवॉल

## दिल्ली में 26 साल बाद भाजपा की सरकार




## केजरीवाल, सिसोदिया और सतेन्द्र जैन चुनाव हारे

## रूझानों में भाजपा 47 तथा आप 23 सीटों पर आगे

**दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में तीन दशक बाद भारतीय जनता पार्टी सत्ता में वापिसी कर रही है। कमल के कमाल ने दिल्ली में केजरीवाल की दीवार गिरा दी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आ रहा है। रुझानों में बीजेपी को बड़ी बढ़त मिली है। वहीं, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज व जंगपुरा विधानसभा सीट से दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया चुनाव हार गए हैं। सिसोदिया भाजपा उम्मीदवार तरविंदर सिंह मारवाह से 600 वोटों से चुनाव हार गए हैं। जबकि अरविंद केजरीवाल को भाजपा के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली सीट से चुनाव हराया है। जबकि दिल्ली की कोंडली सीट से आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार चुनाव जीत गए हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी सीट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार रमेशचंद विधूड़ी को चुनाव हरा दिया है।

भाजपा के उम्मीदवार नीरज बैसोया ने दिल्ली की कस्तूरबा नगर सीट से चुनाव जीत लिया है। भाजपा की दिल्ली में वापिसी पर जश्न का माहौल है। भाजपा मुख्यालय में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटकर जश्न मना रहे हैं।




आपको बता दें कि दिल्ली की सभी 70 सीटों पर पांच फरवरी को मतदान हुआ था और इस बार 60.54 फीसदी मतदान हुआ है, जबकि दिल्ली में पिछली बार 62.60 प्रतिशत मतदान हुआ था।

नई दिल्ली सीट पर 10वें राउंड में बीजेपी के प्रवेश वर्मा 1800 वोटों से आप उम्मीदवार केजरीवाल से आगे चल रहे हैं। रुझानों के बीच बीजेपी ने पोस्टर जारी किया है और लिखा, 'दिल्ली में आ रही है बीजेपी'। अब तक बीजेपी 46 और AAP 24 सीटों पर आगे है। कांग्रेस लगातार तीसरी बार दिल्ली में कोई खाता खोलते नहीं दिख रही है।

## केजरीवाल को ले डूबी शराब : अन्ना हजारे



दिल्ली चुनाव के रुझानों में आम आदमी पार्टी के खराब प्रदर्शन पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि एक उम्मीदवार का व्यवहार, उनके विचार शुद्ध होने चाहिए। जीवन पर कोई दाग नहीं होना चाहिए। अच्छे गुणों से मतदाताओं का विश्वास बढ़ता है। मैंने उनसे (केजरीवाल) ये सब कहा था लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने शराब पर फोकस किया। वह सत्ताबल से खुश थे।

### दिल्ली में यह लोग चुनाव जीते



### दिल्ली में यह लोग चुनाव हारे



**ग्रेटर कैलाश में सौरभ भारद्वाज पीछे**

ग्रेटर कैलाश से AAP के सौरभ भारद्वाज पीछे चल रहे हैं। बीजेपी की शिखा राय आगे हैं। मटियाला सीट से बीजेपी के संदीप सहरावत आगे हैं। कोंडली सीट से बीजेपी उम्मीदवार प्रियंका गौतम आगे हैं। मादीपुर सीट से बीजेपी के कैलाश गंगवाल आगे हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पीएम शाम को जाएंगे भाजपा कार्यालय

**दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में भाजपा की शानदार वापसी के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शाम 7:45 बजे बीजेपी दफ्तर जाएंगे। वे वहां पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करेंगे।



रुझानों में बीजेपी 42 सीटों पर आगे है। AAP 28 सीटों पर बढ़त बनाए है। कांग्रेस का खाता खुलते नहीं दिख रहा है।

## मिल्कीपुर में भाजपा की शानदार वापसी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा



सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने बड़ी वापसी की है। बीजेपी 17वें राउंड में 41000 वोटों से आगे चल रही है। वहीं, समाजवादी पार्टी लगातार पिछड़ती जा रही है।

बता दें कि सपा नेता अवधेश प्रसाद के फैजाबाद से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद खाली हुई इस सीट पर बीते बुधवार को उपचुनाव हुआ. ये उपचुनाव समाजवादी पार्टी और बीजेपी के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया था. कारण, यह सीट राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अयोध्या जिले का हिस्सा है।

दरअसल, 2024 में फैजाबाद लोकसभा सीट जीतने के बाद सपा नेता अवधेश प्रसाद के मिल्कीपुर सीट खाली करने के बाद यहां उपचुनाव की जरूरत पड़ी. अब, जबकि सपा इस सीट को बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, वहीं बीजेपी इस चुनाव को फैजाबाद में अपनी हार का बदला लेने के अवसर के रूप में देख रही है। कारण, 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर अयोध्या जिले की एकमात्र विधानसभा सीट थी, जिसे बीजेपी हार गई थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 19वीं मंजिल से गिरकर मरी घरेलू सहायिका

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित सेंचुरियन पार्क सोसाइटी से 19वीं मंजिल से गिरकर एक घरेलू सहायिका की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना बिसरख पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित सेंचुरियन पार्क–2 वैली सोसाइटी के टावर 16 की 19वीं मंजिल की छत से एक महिला श्रीमती सुहागी राजवंशी पत्नी गोविंद राजवंशी (27 वर्ष) शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सफाई कर्मचारियों ने कराई स्वास्थ्य की जांच




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।

सेक्टर–6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में

### फेलिक्स हॉस्पिटल के सहयोग से प्राधिकरण ने लगाया कैंप

आज फेलिक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने सैकड़ो सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें उचित परामर्श किया। इस दौरान विभिन्न रोगों की जांच की तथा लोगों को दवाइयां वितरित की गई। जांच के दौरान महिला सफाईकर्मियों ने भी काफी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़, तीन गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस–3 पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान



तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह बदमाश जान से मारने की नीयत से एक व्यक्ति के किडनैपिंग के मामले में वांछित थे।

जानकारी के मुताबिक थाना फेस–3 पुलिस टीपीनगर चौराहे पर चैकिंग कर रही थी तभी सामने से एक बिना नम्बर प्लेट की कार आती दिखाई दी, जिसे रूकने का इशारा किया किंतु नही रूकी, शक होने पर पुलिस बल द्वारा पीछा किया गया तो कार सवार गढी गोल चक्कर की तरफ जाने लगे। सामने से पुलिस पार्टी को आता देख अपने आप को घिरता हुआ देख गाडी से उतरते हुये बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जमीन विक्रेताओं से लिया जाए शपथ-पत्र ताकि क्रेताओं के साथ न हो सके धोखाधड़ी : मनीष वर्मा

### जिलाधिकारी ने नये भू-माफियाओं को चिन्हित करने के दिये निर्देश

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि जमीनों की बिक्री




करने वाले विक्रेताओं से शपथ–पत्र लिया जाए ताकि जमीन क्रेता के साथ कोई धोखाधड़ी न कर सके। उन्होंने मातहत अफसरों से नये भू–माफियाओं को भी चिन्हित करने के निर्देश दिये। वे कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर तथा एंटी भू–माफिया टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

जिलाधिकारी ने एंटी भू–माफिया टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त उप जिलाधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी पुराने भूमाफियाओं की स्क्रूटनी कर लें और नये भूमाफियाओं को चिन्हित करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें। यदि कहीं पर भी भूमाफियाओं के द्वारा अवैध निर्माण या भूमि पर कब्जे का प्रकरण संज्ञान में आता है, तो तत्काल एसडीएम, पुलिस एवं प्राधिकरण के अधिकारी गण संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि तहसील, प्राधिकरण एवं पुलिस के अधिकारीगण संयुक्त रूप से वृहद स्तर पर अभियान चलाकर भूमाफियाओं के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने चिन्हित टॉप 10 भू–माफिया पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा एवं ऐसे भू–माफिया, जिनके विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही प्रस्तावित नहीं की गई है, उनके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने की कार्यवाही करें।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी अधिकारी गण समय से अपने–अपने कार्यालय में पहुंचकर अपने दायित्वों का (शेष पृष्ठ-3 पर)


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती
ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## वास्तविक ज्ञान

लंबे समय से देश में इस बात को लेकर गंभीर विमर्श होता रहा है कि स्कूल-कालेजों में शिक्षा का स्वरूप जीवन के व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित होना चाहिए। अकसर देखने में आता है कि हम शैक्षिक पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों में जिन गूढ़ सिद्धांतों को रटते रहते हैं उसका हमारे जीवन व रोजगार से कोई व्यावहारिक सरोकार नहीं दिखता। यही वजह है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि शिक्षा पद्धति रटने वाली होने के बजाय संवादात्मक शिक्षण पर आधरित हो। जो वास्तविक ज्ञान सीखने पर बल दे। जिससे पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र स्कूल-कालेजों में अर्जित ज्ञान को वास्तविक जीवन स्थितियों में उपयोग कर सकें। जिससे छात्र अपने जीवन में आत्मविश्वास के साथ दुनिया का सामना करने के लिये तैयार हो सकें। नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो द्वारा तैयार किए गए और हाल ही में चर्चा में आए एक अध्ययन का निष्कर्ष बताता है कि छात्रों को दैनिक जीवन में काम आने वाले व्यावहारिक गणित के ज्ञान में पारंगत होना चाहिए। जैसा गुण बाजार में काम करने वाले भारतीय बच्चों में देखने में आता है। अकसर महसूस किया जाता है कि कक्षाओं में पढ़ाया जाने वाला गणित जीवन व्यवहार में काम नहीं आता। दूसरे शब्दों में कहें तो सीखने की सहज और औपचारिक शैलियों के बीच एक बड़ा अंतर पाया जाता है। जो इस बात पर बल देता है कि पाठ्यक्रम में सुधार करके इस खाई को पाटने का अविलंब प्रयास किया जाए। यह निर्विवाद सत्य है कि दुनिया भर में कम आय वर्ग वाली पृष्ठभूमि वाले स्कूली बच्चों के लिये गणित जैसे विषय में महारत हासिल करना एक चुनौती होती है। बल्कि दूसरे शब्दों में कहा जाए तो उनमें गणित को लेकर एक फोबिया जैसा होता है। कमोबेश भारतीय बच्चे भी इसका अपवाद नहीं हैं। यही क्रम पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता रहता है। लेकिन इस विसंगति की तह तक जाने के लिये कोई गंभीर पहल नहीं हो पायी। वहीं दूसरी ओर देश में लाखों बच्चे ऐसे हैं जो गरीबी और विषम पारिवारिक परिस्थितियों के कारण स्कूलों का मुंह नहीं देख पाए। जिसके चलते पारिवारिक मजबूरियों के कारण उन्हें छोटे-मोटे काम करने के लिये बाध्य होना पड़ता है। मसलन फेरी लगाना या सड़कों के किनारे छोटा-मोटा सामान बेचने का कार्य उन्हें करना पड़ता है। अध्ययन बताता है कि वे बिना किसी सहायता के पलभर में जटिल गणितीय गणनाएं कर सकते हैं। दरअसल, स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले अमूर्त गणित को समझना छात्रों के लिये खासा कठिन होता है। वहीं दूसरी ओर विरोधाभास यह है कि इन छात्रों के स्कूल जाने वाले, जो साथी गणित में उत्कृष्ट होते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में बुनियादी गणनाओं को करने में अकसर विफल ही साबित होते हैं। वहीं दूसरी ओर देश में शिक्षा की वार्षिक स्थिति वाली रिपोर्ट यानी एएसईआर-2024 से पता चलता है कि सरकारी और निजी स्कूलों में छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों में अंकगणित के स्तर में सुधार हुआ है। निस्संदेह, इसे एक अच्छा संकेत माना जाना चाहिए। लेकिन वास्तव में जरूरत इस बात की है कि छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से आगे बढ़ने और जीवन की गणनाओं में उनके व्यावहारिक कौशल को निखारने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। निश्चित रूप से ऐसा कोई भी प्रयास नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में मददगार हो सकता है, जो व्यावहारिक शिक्षा दिए जाने की जरूरत पर बल देती है। वास्तव में ऐसा कोई भी प्रयास छात्रों को किताबी कीड़ा या परीक्षा योद्धा बनाने के बजाय स्ट्रीट-स्मार्ट बनाकर उनकी रोजगार पाने की क्षमता और योग्यता में सुधार करने में मददगार साबित हो सकता है। जैसा कि शिद्दत से महसूस किया जा रहा है कि भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास को तेज गति देने के लिये एक कुशल कार्यबल की नितांत आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब हमारी शिक्षा पद्धति समय के साथ कदमताल करेगी। देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिये रोजगारपरक शिक्षा अनिवार्य शर्त है। जिसका आधार व्यावसायिक व गुणात्मक शिक्षा ही हो सकती है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सगुण और निर्गुण में कुछ भी भेद नहीं है- मुनि, पुराण, पण्डित और वेद सभी ऐसा कहते हैं। जो निर्गुण, अरूप ( निराकार ), अलख ( अव्यक्त ) और अजन्मा है, वही भक्तों के प्रेमवश सगुण हो जाता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जो गुन रहित सगुन सोइ कैसें। जलु हिम उपल बिलग नहिं जैसें॥**
**जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा। तेहि किमि कहिअ बिमोह प्रसंगा॥**

जो निर्गुण है वही सगुण कैसे है? जैसे जल और ओले में भेद नहीं। (दोनों जल ही हैं, ऐसे ही निर्गुण और सगुण एक ही हैं।) जिसका नाम भ्रम रूपी अंधकार के मिटाने के लिए सूर्य है, उसके लिए मोह का प्रसंग भी कैसे कहा जा सकता है?॥

**राम सच्चिदानंद दिनेसा। नहिं तहँ मोह निसा लवलेसा॥**
**सहज प्रकासरूप भगवाना। नहिं तहँ पुनि बिग्यान बिहाना॥**

श्री रामचन्द्रजी सच्चिदानन्दस्वरूप सूर्य हैं। वहाँ मोह रूपी रात्रि का लवलेश भी नहीं है। वे स्वभाव से ही प्रकाश रूप और (षडैश्वर्ययुक्त) भगवान है, वहाँ तो विज्ञान रूपी प्रात:काल भी नहीं होता (अज्ञान रूपी रात्रि हो तब तो विज्ञान रूपी प्रात:काल हो, भगवान तो नित्य ज्ञान स्वरूप हैं।)॥

**हरष बिषाद ग्यान अग्याना। जीव धर्म अहमिति अभिमाना॥**
**राम ब्रह्म ब्यापक जग जाना। परमानंद परेस पुराना॥**

हर्ष, शोक, ज्ञान, अज्ञान, अहंता और अभिमान- ये सब जीव के धर्म हैं। श्री रामचन्द्रजी तो व्यापक ब्रह्म, परमानन्दस्वरूप, परात्पर प्रभु और पुराण पुरुष हैं। इस बात को सारा जगत जानता है॥

**( क्रमश:... )**

# कैसे रुकें सिवरेज की सफाई में होने वाली मौत?

कोलकाता शहर में सिवरेज की सफाई के दौरान तीन श्रमिकों की मौत हो गई। घटना कोलकता लेदर कंप्लेक्स में सीवरेज लाइन के साफ के दौरान हुई। सुप्रीम कोर्ट काफी पहले कह चुका है कि मरने वालों के परिवार को तीस-तीस लाख रूपया मुआवजा दिया जाए, किंतु ऐसा नहीं हो रहा। प्रदेश सरकार ने बीस-बीस लाख रूपये मुआवजा देकर ही मामला निपटा दिया। यह घटना सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश के चार दिन बाद हुई है, जिस आदेश में सुप्रीम कार्ट ने कहा कि कि दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, चिन्नई, बंगलूरू और हैदराबाद जैसे मैट्रोपालिटिन शहरों में मैनुअल सफाई और सीवर सफाई पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया था। दरअसल न्यायालय आदेश करता है किंतु उन आदेश के पालन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को या तो ये आदेश पंहुच नहीं पाता। आदेश पंहुच पाता है तो फाइलों के दबाव में वे उसे पढ़ नहीं पाते। इसीलिए बार-बार आदेशों के पालन में अनदेखी होती है। इन आदेशों को संबधित अधिकारियों तक पंहुचाने की प्रदेश स्तर पर त्वरित और प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए।

जुलाई 2022 में लोकसभा में प्रस्तुत सरकारी आंकड़ों के अनुसार पांच साल में सीवर सफाई के दौरान 347 लोगों की मौत हुई। पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, 1993 के बाद से सीवर और सेप्टिक टैंक से होने वाली मौतों के 1,248 मामलों में से इस साल मार्च तक 1,116 मामलों में मुआवजे का भुगतान किया गया है, हालांकि, 81 मामलों में मुआवजे का भुगतान अभी भी लंबित है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि राज्यों द्वारा 51 मामले बंद कर दिए गए हैं क्योंकि मृत व्यक्तियों के कानूनी उत्तराधिकारी नहीं मिल सके। 1993 के बाद के आंकडा से पता चलता है कि कि सीवर और सेप्टिक टैंक में होने वाली मौतों के सबसे अधिक 256 मामले तमिलनाडु में सामने आए। इसके बाद गुजरात (204), उत्तर प्रदेश (131), हरियाणा (115) और दिल्ली (112) का नंबर आता है। सीवर से होने वाली मौतों के सबसे कम मामले छत्तीसगढ़ (1) में दर्ज किए गए हैं, इसके बाद त्रिपुरा और ओडिशा में 2-2 मामले, दादर और नगर हवेली (3) और झारखंड (4) आते हैं। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक के 58 मामलों में से सबसे ज्यादा मामले तमिलनाडु (11) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान (11-11 मामले), और गुजरात (8) तथा पंजाब (6) का नंबर आता है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि 1993 के बाद से हुई 1,247 मौतों में से 456



**जुलाई 2022 में लोकसभा में प्रस्तुत सरकारी आंकड़ों के अनुसार पांच साल में सीवर सफाई के दौरान 347 लोगों की मौत हुई। पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं।**

मामले 2018 के बाद दर्ज किए गए हैं।

नौ अक्तूबर 2024 को दिल्ली के सरोजिनी नगर इलाके में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर तीन मजदूरों की मौत का मामला सामने आया है। ये मजदूर सीवर लाइन साफ करने के लिए सीवर के अंदर उतरे थे। सीवर लाइन से निकल रही जहरीली गैस की वजह से तीनों मजदूरों का दम घुट गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर में उतरे मजदूरों के लिए सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे।

23 अक्तूबर 2024 को राजस्थान के सीकर जिले में सफाई के दौरान तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। ये मौत लगातार होती रहती है। रूक नही पातीं।

देश में सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने 20 अक्टूबर 2023 को कहा था कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजन को 30 लाख रुपए मुआवजा देना होगा।सीवर की सफाई के दौरान कोई सफाईकर्मी स्थायी दिव्यांगता का शिकार होता है तो न्यूनतम मुआवजे के रूप में उसे 20 लाख रुपए दिया जाएगा। वहीं, अन्य दिव्यांगता पर अफसर उसे 10 लाख रुपए तक का भुगतान करेंगे। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों को लेकर दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से ना रोके जाने का निर्देश दिया।

सरकारे और अधिकारी प्राय: मानते हैं कि न्यायालय आदेश करता रहता है। वह करें। उन्हें काम अपनी मर्जी से करना है। इसी कारण सिवरेज की सफाई में लगे कर्मचारियों को कार्य के दौरान न सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करांए जाते हैं, न मौत होने पर मुआवजा दिया जाता है। पीड़ित के परिवार वाले न ज्यादा शिक्षित होते हैं, न संपन्न। उन्हें न्यायालय के आदेश की जानकारी ही नही होती। इतना धन भी नहीं होता कि वह न्यायालय की शरण में जाएं। इसका फायदा विभागीय अधिकारी उठाते हैं। वह अपनी मनमर्जी करते हैं। ऐसा प्राय: सभी जगह होता है। सिवरेज की सफाई में लगे कर्मचारियों की मौत की घटनाएं रोकने के लिए, उन्हें मैनुअल सिवरेज की सफाई के आदेश देने वालों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराने से ही मौत रूकेंगी, अन्यथा नहीं।

प्रदेश सरकारों को चाहिए कि वह एक ऐसा सेल बनाए, जो इस तरह की मौत की मोनिटरिंग करें। उनकी मौत के लिए अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई भी अमल में लाए। एक बात और राज्य स्तर पर बनाये सैल न्यायालयों के आदेश नगर पालिका, नगर निगम आदि में भेजने की भी तुंरत व्यवस्था हो। बताए कि यह आदेश हुआ है। सिवरेज की सफाई कराते इन नियमों का पालन करें। ये सैल ये भी मोनिटरिंग करें कि नगर निगम या नगर पालिका के पास सिवरेज की सफाई के समय प्रयोग होने वाले उपकरण हैं या नही। क्या उनके कर्मचारी सफाई करते सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करते हैं या नही। जहां प्रयोग नही करते वहां कर्मचारियों को जागरूक किया जाए। उनके इन सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग के लाभ बताए जाएं।उन्हें कहा जाए कि सिवरेज में उतरने से पहले सुरक्षा उपकरण पहनने से उनकी जान बच सकती है। देखने में आया है कि प्राय: स्थानीय निकाय के के पास सुरक्षा उपकरण ही नही हैं। उन्हें दबाव देकर ये उपकरण खरीदवाएं जाएं। कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण पहनने की प्रशिक्षण दिया जाए।

स्थानीय निकायों को कहा जाए कि वह मैनुअल सिवरेज की सफाई न कराएं। इसके लिए उपकरण खरीदें। जिन स्थानीय निकायों के पास इन उपकरण खरीदने के लिए धन नही है, उन्हें धन उपलब्ध कराया जाए। सरकारों के इस मामले में गंभीर होने से ही सिवरेज की सफाई के दौरान सफाई कर्मचारियों की मौत की घटनांए रूक सकेंगी। सिवरेज की सफाई में मरने वाले कर्मचारियों के परिवार अनाथ होने से बच जाएगें।

**- अशोक मधुप**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

## प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को वजीफा तो दो

सरकारें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सीधा वजीफा क्यों नहीं दे सकती हैं? हिमाचल प्रदेश के कुछ एथलीट हैं जो 2026 की एशियाई खेलों में देश के लिए खेल कर पदक दे सकते हैं। उनमें सावन और दिनेश सेना व सीमा भी राष्ट्रीय कैंप में रह कर राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सीमा ने इस खत्म हुए प्रतियोगिता कलैंडर में एशियाई क्रास कंट्री का व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भारत की झोली में डाला है। दूसरी तरफ कुछ उभरते हुए जूनियर एथलीट हैं जो विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले सत्र गोहाटी में आयोजित खेलो इंडिया अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स में राजकीय महाविद्यालय मंडी की धाविका कुसुम ठाकुर ने सौ मीटर की फर्राटा दौड़ में रजत व दो सौ मीटर में स्वर्ण पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हमीरपुर के सरकारी महाविद्यालय की धाविका प्रिय ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की चार गुणा चार सौ मीटर दौड़ में भी लड़कियों ने कांस्य पदक जीता है। इस वर्ष पंजाब विश्वविद्यालय की एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमीरपुर की मनीषा ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ को 53.1 सैकंड में दौड़ कर स्वर्ण पदक जीता है, मगर अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में वह फाइनल तक ही पहुंच पाई है।

इस सत्र में भी धर्मशाला कालेज की स्मृति जमवाल ने तेज गति की दौड़ों में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को पदक जीते हैं। इन सब उभरती धाविकाओं को नौकरी व वजीफे की सख्त जरूरत है। तेज गति की दौड़ों में हिमाचल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन पहले कमजोर ही रहा है। यह अलग बात है कि पुष्पा ठाकुर ने जरूर इस मिथक को तोडक़र भविष्य के एथलीटों को राह दिखाई है। इसके बाद फिर हमीरपुर कालेज की प्रोमिला व ज्योति ने अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर पदक जीते हैं। मानव शरीर ईश्वर द्वारा बनाई गई बहुत ही अद्भुत मशीन है। इसे चलाने के लिए भी ईंधन की जरूरत होती है। मानव शरीर के ऊर्जा चक्र को समझने के लिए हमें एटीपी से लेकर सीपीए लैक्टिक एसिड, शरीर से ऑक्सीजन की उधारी व सांस द्वारा ऑक्सीजन का फेफड़ों में पहुंच कर खून के साथ मिलकर फिर सैल तक पहुंच कर शरीर को गतिशील बनाए रखने का गहन अध्ययन जरूरी है। सौ से लेकर चार सौ मीटर की दौड़ों को तेज गति में गिना जाता है। गति ही सभी स्पर्धाओं व खेलों की जीत का मूल मंत्र है। यह खिलाड़ी में जन्मजात होती है।

प्रशिक्षण द्वारा भी इसमें बहुत ही कम, एक उम्र तक विकास होता है। ओलंपिक खेलों में विभिन्न खेलों की कई स्पर्धाएं आयोजित होती हैं, मगर एथलेटिक्स का आकर्षण सबसे अधिक होता है। ओलंपिक में जो धावक सौ मीटर की दौड़ में विजेता बनता है, वह पृथ्वी का तीव्रतम इनसान बनता है। सौ मीटर की दौड़ का अद्भुत रोमांच होता है। हिमाचल प्रदेश में तेज गति के बहुत कम धावक व धाविकाएं आज तक सामने आए हैं। सौ मीटर से लेकर चार सौ मीटर की स्पर्धाओं को स्परिंट यानी तेज गति की दौड़ों में रखा है। इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जहां जन्मजात स्पीड चाहिए होती है, वहीं पर बहुत अधिक स्पीड, इंडोरैंस व स्ट्रैंथ ट्रेनिंग की जरूरत होती है। जहां उच्च कोटि का प्रोटीन आम आदमी को आसानी से उपलब्ध होता है, वहीं के लोगों में अच्छी स्पीड जन्म से ही होती है। स्पीड को बहुत छोटी उम्र से ही विकसित करना पड़ता है। इसलिए स्पीड पर प्रशिक्षण दस वर्ष से भी कम आयु में शुरू करना पड़ता है। अगले पांच सालों में स्पीड अपने उच्च स्तर तक विकसित हो जाती है। यह भी कहा जाता है कि स्परिंटर पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते। भारत के अधिकतर स्परिंटर समुद्र तट से संबंध रखते हैं। मछली इन लोगों का मुख्य आहार है।

मछली में अच्छी गुणवत्ता का प्रोटीन मिलता है। उत्तर भारत में शाकाहारी अधिक हैं, मगर गेहूं, दूध व उससे बने पदार्थों में भी अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन मिलता है। यह भी कारण है कि पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी समय-समय पर अच्छे स्परिंटर मिलते रहते हैं। हिमाचल प्रदेश से वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुष्पा ठाकुर ही एक मात्र धाविका है जो हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 400 मीटर में पदक विजेता है।

एशिया व ओलंपिक खेलों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों तक पहुंचने वाली इस धाविका के बाद अभी तक कोई भी पुरुष या महिला हिमाचल प्रदेश के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत नहीं पाया है। भविष्य में उभरते हुए कुसुम, प्रिया, स्मृति व मनीषा आदि तेज गति के एथलीट हैं। लंबी दूरी की दौड़ों में सीमा व सावन आज राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इन सब एथलीटों को, जो हिमाचल से पलायन कर गए हैं और जो हिमाचल में रह कर ट्रेनिंग कर रहे हैं, हिमाचल सरकार सम्मानजनक नौकरी दे तथा इन सभी एथलीटों को 2026 खेलों तक वजीफा भी दे। इस स्तर पर अपना अभ्यास जारी रखने के लिए महीने में पचास हजार रुपए चाहिए होते हैं। जो नौकरी में हैं वो तो बहुत कठिनाई से अपने वेतन से कुछ न कुछ जुगाड़ कर लेते हैं, मगर जो विद्यार्थी व बेरोजगार हैं, वे कैसे अपना अभ्यास जारी रखें, यह हिमाचल सरकार को सोचना होगा। क्या प्रदेश सरकार कुछ उपकार इन प्रतिभाशाली एथलीटों पर करेगी ताकि वे फ्री माईंड होकर अपना प्रशिक्षण जारी रख सकें। खिलाड़ी बनाए नहीं जाते हैं, वे जन्म से ही अलग होते हैं। लाखों बच्चों में कोई एक प्रतिभाशाली एथलीट मिलता है। समाज व सरकार का दायित्व है कि वे भविष्य में देश को गौरव दिलाने वाले अति प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को गोद लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगे को बार-बार सबसे ऊंचा रखें।

**-भूपिंद्र सिंह**
**अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक**

## राशिफल

**माघ शुक्ल पक्ष एकादशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। स्वास्थ्य पहले से थोड़ा बेहतर है। लेकिन अभी भी मध्यम बना हुआ है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन बैचेन रहेगा। घबराहट, बैचेनी बनी रहेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान मध्यम।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्यवर्धक दिनों का निर्माण हो रहा है। भाग्य साथ देगा। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान भी मध्यम है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम। व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। थोड़ा गृहकलह भी हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम-संतान में सुधार हो चुका है। व्यापार भी अच्छा है। निवेश अभी न करें।

# अमेरिका के अमानवीय व्यवहार पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुधनगर के कार्यकर्ताओं ने अमेरिका से निर्वासित किए गए भारतीयों को अमानवीय तरीके से भारत प्रत्यर्पित करने के विरोध में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपा।



## सरकार की चुप्पी पर जताया विरोध, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

जिला संगठन मंत्री मुकेश शर्मा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी गौतम बुध नगर के कार्यकर्ता केंद्र सरकार और विदेश मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और उप जिलाधिकारी वेदप्रकाश पांडे को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। राष्टपति के नाम संबोधित ज्ञापन में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने यह मांग की कि जिस अमानवीय तरीके से हथकड़ी पहनाकर एक मालवाहक विमान में हमारे देश के नागरिकों को भारत प्रत्यापित किया गया है इसकी हम कड़ी निंदा करते हैं, हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि अब 56 इंच की छाती दिखाने का समय है, आने वाली 12 तारीख से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा को स्थगित करना चाहिए तथा केंद्र सरकार की तरफ से कूटनीतिक पहल करते हुए अमेरिका को एक सख्त संदेश दिए जाने की आवश्यकता है।

जिला संगठन मंत्री मुकेश शर्मा ने कहा कि केंद्र की सरकार ने संसद के अंदर इस बाबत ना तो कोई स्पष्टीकरण दिया है और ना ही अमेरिकी दूतावास को अथवा अन्य किसी माध्यम से अमेरिका की ट्रम्प सरकार की आलोचना करते हुए कोई क ?ा संदेश ही दिया है।

कार्यक्रम में जिला महासचिव संगठन प्रभारी मुकेश शर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह बाल्मीकि, जिला महासचिव गौरव लोहिया, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोहित भाटी एडवोकेट, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कपिल भाटी एडवोकेट, जिला सचिव रमेश वाल्मीकि, जिला सचिव गौतम सिंह, बॉबी प्रधान, कैलाश बंसल, विक्की लाल गौतम, अजय कुमार, संदीप भाटी, अमन सिंह, तरुण कुमार, आदेश कुमार आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**ग्रेटर नोएडा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के आवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव से भेंट करते सुभाष भाटी ने किसानों की समस्याओं से कराया अवगत।**

# दनकौर-रबूपुरा में सड़कों की मरम्मत शीघ्र, सीईओ ने दिया आश्वासन

**दनकौर ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के सानिध्य में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह से मुलाकात की और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मार्गों की बदहाली को लेकर चर्चा हुई ।



इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने बताया कि संगठन के कार्यकर्ताओ ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह से मुलाकात कर बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में गावों को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों की काफी लम्बे समय से स्थिति खराब है। सड़कों में गड्ढे है आवागमन में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। गड्ढों की वजह से आएदिन हादसे होते रहते है।

सीईओ अरुणवीर सिंह ने आश्वासन दिया सभी सड़कों को जल्द से जल्द नवीनीकरण किया जाएगा। इसी क्रम में दनकौर रबूपुरा मुख्य मार्ग का नवीनीकरण कार्य करने के लिए अधिकारियों को आदेशित किया यह मार्ग रीलखा, अच्छेजा बुजुर्ग, मिर्जापुर, रामपुर, निलौनी,आदि गावों को रबूपुरा और दनकौर से जोड़ता है।

इस मौके पर प्रमोद शर्मा, वनीश प्रधान, सतीश कनारसी, मनीष नागर, पप्पे नागर, दुर्गेश शर्मा, विक्रम नागर, उम्मेद एडवोकेट, अरुण खटाना, शेरू प्रधान, राजू पंडित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 13वें नोएडा बसंत महोत्सव की ट्रॉफी मयूर स्कूल को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में शुक्रवार का दिन बसंत के चटख रंगों के नाम रहा. सोसायटी फॉर स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एडवांसमेंट (SSCA) की ओर से महामाया बालिका इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में 13वें नोएडा बसंत महोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें दिल्ली-एनसीआर के 22 स्कूलों ने विभिन्न राज्यों के शानदार लोकनृत्य प्रस्तुत किए। सभी स्कूल एक से बढ़कर एक कार्यक्रम लेकर आए थे, जिसके चलते जजों को भी टॉप-5 स्कूलों का चयन करने में मशक्कत करनी पड़ी। कांटे की टक्कर वाली इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रसिद्ध लोक नृत्य 'बेड पाको बरमासा' प्रस्तुत करके मयूर स्कूल, सेक्टर-126 महोत्सव का चैंपियन बनने में कामयाब रहा।







डीएम मनीष वर्मा ने दीप प्रज्वलित महोत्सव का उदघाटन किया।

प्रतियोगिता में पहला स्थान जहां मयूर स्कूल ने हासिल किया। वहीं उपविजेता की ट्रॉफी सक्षम एनजीओ निठारी ने कब्जाई। तीसरे स्थान की ट्रॉफी महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, सेक्टर-22 ने जीती। चौथे स्थान पर ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल और पांचवे स्थान पर न्यू ग्रीन लॉन पब्लिक स्कूल रहे। इन दोनों स्कूलों को प्रोत्साहन ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। नोएडा अथॉरिटी के ओएसडी इंदु प्रकाश ने सभी बच्चों को ट्रॉफी-मेडल देकर सम्मानित किया। समारोह में जज की भूमिका प्रोफेसर आरके गुप्ता, रेखा सक्सेना और ईशा त्यागी ने निभाई। समारोह में सोसायटी के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने धन्यवाद भाषण प्रस्तुत किया।

इस मौके पर इंदिरा चौधरी, श्वेता त्यागी, डॉक्टर निमेष कुमार, विमलेश शर्मा, दिनेश भारद्वाज, राजेश्वरी त्यागराज, कंचन श्रीवास्तव, महेश सक्सेना, अशोक श्रीवास्तव, अरुणा बंसल, लीना चौहान, एसबी गुप्ता, उमेश कुमार, पूनम गुप्ता, मेघा गुप्ता और देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# महाकुंभ को रवाना हुए रजत विहार के श्रद्धालु

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 62 स्थित रजत विहार सी ब्लॉक से सभी निवासी प्रयागराज महाकुंभ मेला के लिए बस के द्वारा प्रस्थान हुए।



आरडब्लूए महासचिव गोपाल शर्मा ने बताया कि जनवरी में प्रयागराज में महाकुंभ आयोजन में शामिल होने के लिए योजना बनाई गई थी जिसमे करीब 95 लोग बच्चे, पुरुष, महिलाएं , बुजुर्ग सभी वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करेंगे। इसके अलावा यात्रियों के लिए रास्ते पर खाने पीने की व्यवस्था की गई है। सभी निवासी प्रयागराज महाकुंभ यात्रा में काफी संतुष्ट दिखे। श्रीराम के जयकारों के साथ बसों में सवार सभी लोग रवाना हुए।

# दीदी की रसोई ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा व कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने झुग्गी बस्ती सेक्टर- 78, नोएडा पर गरीब जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं को निशुल्क कपड़ों का वितरण किया।

इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन व कपड़ों का वितरण किया जाता है और हमारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने शहर के सक्षम लोगों से संस्था को आर्थिक मदद/खाने पीने का सामान, कपड़ा आदि आवश्यक वस्तुएं संस्था को डोनेट करने की अपील किया। ताकि हम आप सब के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों की सेवा कर पाएंगे।

कपड़ा वितरण करवाने में में ट्रस्ट की पदाधिकारी गुड़िया देवी, सविता देवी आदि ने सहयोग किया।

# गंगा समग्र की निकली भव्य कलश यात्रा

**महाकुंभनगर ( ब्यूरो )।** गंगा व समस्त जल तीर्थों की अविरलता व निर्मलता के लिए समर्पित संगठन गंगा समग्र ने अपने कुंभ मेला शिविर से संगम घाट संख्या 22 तक मातृ शक्तियों के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा में गंगा समग्र संगठन की विभिन्न प्रांतो से आई मातृ शक्तियों ने अविरल गंगा निर्मल गंगा का घोष करते हुए हरी प्रिया भार्गव के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। गंगा सेविका हरि प्रिया भार्गव ने सभी मातृ शक्तियों का सम्मान किया तथा फिल्म निर्माता एवं निर्देशक संजय भार्गव ने मां गंगा की अविरलता एवं निर्मलता पर फिल्म एवं सीरियल बनाने की बात कही।



काशी प्रांत संयोजक राकेश मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकर्ता संगम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जल शक्ति मंत्री, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर सह कार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल उपस्थित रहेंगे।

इस कलश यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष, राष्ट्रीय महामंत्री आशीष, राष्ट्रीय मंत्री अवधेश गुप्ता व रमाशंकर सिन्हा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय मिश्रा, अमिताभ उपाध्याय, राजेश तिवारी, काशी प्रांत संरक्षक श्रीहरि नारायण, काशी प्रांत संगठन मंत्री संजय, विजय राज, पवन, दिव्या ओझा, नीलम, श्वेता सहित गंगा भक्तों ने अपनी सहभागिता की।

## पृष्ठ एक के शेष....

**कमल का कमाल....**

AAP की उम्मीदवार राखी बिरला पीछे हैं। रुझानों में बीजेपी की लहर देखी जा रही है। बीजेपी 45 और AAP 24 सीटों पर बढ़त बनाए है. एक सीट पर कांग्रेस आगे है।

**रोहिणी में बीजेपी आगे**

रोहिणी विधानसभा सीट पर पहले राउंड की गिनती हो गई है। AAP के प्रदीप मित्तल को 3235, बीजेपी के विजेंद्र गुप्ता को 3187 और कांग्रेस के सुमेश को 177 वोट मिल चुके हैं।

**मुस्तफाबाद में बीजेपी आगे**

मुस्तफाबाद में बीजेपी को अब तक 7747 वोट मिले। जबकि AAP को 2047 और कांग्रेस को 202 वोट मिल चुके हैं। कालकाजी से कांग्रेस की अलका लांबा और AAP की आतिशी लगातार पीछे हैं। नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल लगातार पीछे चल रहे हैं। वे 74 वोट से पीछे हैं।

**बीजेपी किन सीटों पर आगे ?**

1. बवाना में रविंदर इंद्रराज सिंह
2. किराड़ी में बजरंग शुक्ला
3. त्रिनगर में तिलक राम गुप्ता
4. बल्लीमारान में कमल बागरी
5. मादीपुर में कैलाश गंगवाल
6. द्वारका में परदुयम्न सिंह राजपूत
7. नजफगढ़ में नीलम पहलवान
8. पालम में कुलदीप सोलंकी
9. कस्तूरबा नगर में नीरज बसोया
10. आरके पुरम में अनिल कुमार शर्मा
11. छतरपुर में करतार सिंह तंवर
12. संगम विहार में चंदन कुमार चौधरी
13. विश्वास नगर में ओम प्रकाश शर्मा
14. शाहदरा में संजय गोयल
15. करावल नगर में कपिल मिश्रा

**कालकाजी से बिधूड़ी आगे**

ईवीएम की गिनती शुरू हो गई है। कालकाजी सीट पर पहले राउंड में बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी 673 वोटों से आगे हैं। ग्रेटर कैलाश से सौरभ भारद्वाज लगातार आगे हैं। रुझानों में बीजेपी 42 और AAP 25 सीटों पर आगे है। कांग्रेस एक सीट पर आगे है।

**कैलाश गहलोत और कपिल मिश्रा आगे**

जनकपुरी से AAP उम्मीदवार प्रवीण कुमार आगे हैं। करावल नगर से बीजेपी के कपिल मिश्रा आगे हैं। किराड़ी से AAP के अनिल झा आगे हैं। नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा लगातार आगे चल रहे हैं। चांदनी चौक से बीजेपी के सतीश जैन आगे चल रहे हैं। दिल्ली कैंट से बीजेपी के भुवन तंवर आगे चल रहे हैं। सीलमपुर से AAP के जुबैर अहमद आगे चल रहे हैं। तिलकनगर से AAP से जरनैल सिंह आगे हैं। बिजवासन से कैलाश गहलोत आगे चल रहे हैं।

**बीजेपी बहुमत के पार**

रुझानों में दिल्ली की सत्ता पलटती दिख रही है। बीजेपी बहुमत के पार हो गई है। बीजेपी ने 38 सीटों पर बढ़त बना ली है। AAP ने 25 सीटों पर बढ़त बनाई है। कांग्रेस एक सीट पर आगे है।

**LJP के उम्मीदवार पीछे**

तिमारपुर सुरेंद्र पाल आप आगे हैं। विश्वासनगर बीजेपी ओमप्रकाश शर्मा आगे हैं। मालवीयनगर से बीजेपी के सतीश उपाध्याय आगे हैं। बाबरपुर से गोपाल राय आगे हैं। चांदनी चौक से बीजेपी के सतीश जैन आगे हैं। देवली से एलजेपी (रामविलास) के उम्मीदवार दीपक तंवर पीछे चल रहे हैं।

**ओखला में बीजेपी आगे**

शाहदरा सीट पर बीजेपी के संजय गोयल 506 वोटों से आगे हैं। सदर बाजार से बीजेपी के मनोज जिंदल और बदरपुर से नारायण दत्त शर्मा आगे हैं। बुराड़ी से AAP के संजय झा आगे हैं। ओखला में बीजेपी के मनीष चौधरी आगे हैं।

**पहले पोस्टल बैलेट की गिनती**

दिल्ली चुनाव में पहले पोस्टल बैलेट की गिनती हो रही है। उसके बाद ईवीएम खोली जाएंगी और गिनती शुरू होगी। माना जा रहा है कि थोड़ी देर में चुनाव से जुड़े रुझाने आने लगेंगे।

**महिलाओं ने किया ज्यादा मतदान**

दिल्ली चुनाव में पहली बार पुरुषों से ज्यादा महिलाओं ने वोट किया है। महिला मतदाताओं ने 60.92 प्रतिशत मतदान किया है। जबकि पुरुषों ने 60.21 प्रतिशत से ज्यादा मतदान किया है।

**11 जिलों के 19 केंद्रों पर होगी काउंटिंग**

दिल्ली में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 11 जिलों के 19 केंद्रों पर काउंटिंग होगी। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा का घेरा है।

**जमीन विक्रेताओं से....**

निर्वहन करें और आइजीआरएस पोर्टल या व्यक्तिगत रूप से जो भी जन सामान्य की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनका शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर शिकायतकर्ताओं से वार्ता करते हुए पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से भी फीडबैक अवश्य प्राप्त करें। साथ ही सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपनी-अपनी तहसीलों में प्रतिदिन एसडीएम, तहसीलदार कोर्ट में विचाराधीन प्रकरणों में सुनवाई करते हुए निर्धारित समय अवधि में प्रकरणों का निस्तारण किया जाए एवं धारा 24 व धारा 80 के प्रकरणों को अभियान चलाकर जल्द से जल्द निस्तारण किये जाए। साथ ही निर्देश दिए कि तहसीलों से आय, जाति, निवास तथा अन्य प्रमाण पत्रों को लंबित न रखा जाए, सभी आवेदनों पर निर्धारित समय अवधि में आवश्यक कार्रवाई करते हुए ससमय जारी करने की कार्रवाई करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा व उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव तथा पुलिस विभाग एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मिल्कीपुर में भाजपा .....

मिल्कीपुर सीट पर हुए बुधवार को हुए उपचुनाव में कुल 3.70 लाख मतदाताओं में से 65 प्रतिशत से अधिक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो 2022 के विधानसभा चुनावों में दर्ज किए गए मतदान से अधिक है. चुनाव आयोग के मुताबिक, मतदान पूरा होने तक 65.35 फीसदी वोट पड़े. 2022 के विधानसभा चुनावों में इस सीट पर वोटिंग प्रतिशत 60.23 था।

सफाई कर्मचारियों ने....

संख्या में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

इस दौरान फेलिक्स के कई डॉक्टरों के अलावा नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एसपी सिंह जन स्वास्थ्य विभाग के खंड-1 के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल, खंड-2 के वरिष्ठ प्रबंधक आरके शर्मा समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। खबर लिखे जाने तक सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच चल रही थी।

**पुलिस व बदमाशों के....**

पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में तीनो बदमाश गोली लगने से घायल हो गये जिनकी पहचान लक्की उर्फ काकसी राठौर पुत्र विनोद कुमार, सौरभ चौहान पुत्र मिजाजी लाल, सत्यम पुत्र सुरेश यादव के रूप में हुयी है। बदमाशों के कब्जे से तीन तमंचे 315 बोर मय 6 जिन्दा कारतूस व 3 खोखा कारतूस 315 बोर तथा एक कार बिना नम्बर प्लेट घटना मे प्रयुक्त बरामद हुयी है। घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। तीनों बदमाश मु.अ.स. 60/2025 धारा 109(1)/140(1) बीएनएस के नामजद वांछित अभियुक्त है।

19वीं मंजिल से ....

उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। मृतका मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मुठभेड़ में दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे,कारतूस व पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

रात्रि में डीएलएफ तिराहा शौचालय के पास थाना सेक्टर 20 पुलिस द्वारा चैकिंग की जा रही थी तभी सामने से बिना नम्बर प्लेट की मोटर साईकिल पर दो व्यक्ति आते हुये दिखाई दिये जिन्हे पुलिस द्वारा रूकने का इशारा किया गया किन्तु नही रुके और भागने लगे। पुलिस द्वारा बदमाशो का पीछा किया गया तो मोटर साईकिल सवार बदमाशों ने सेक्टर 18 मल्टी लेवल पार्किंग के पास पहुंचते ही पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया, पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसकी पहचान रोशन पुत्र रामप्रवेश निवासी जे0जे0 कालोनी सेक्टर 9, थाना फेज-1 नोएडा गौतमबुद्धनगर के रूप में हुयी । घायल बदमाश का साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया जिसे कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान 2. अनवर पुत्र शौकत निवासी ग्राम रामपुर, थाना कोतवाली देहात जिला बिजनौर, वर्तमान पता- जे0जे0 कालोनी सेक्टर 8, थाना फेज-1 नोएडा गौतमबुद्धनगर के रूप मे हुयी। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। मौके पर घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेन्डर बिना नम्बर प्लेट मिली है जिसके संबंध में जानकारी की जा रही है, अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचे .315 बोर व 02 जिन्दा, 02 खोखा कारतूस .315 बोर तथा 05 मोबाइल भिन्न-भिन्न कम्पनियों के बरामद हुए।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### जासूसी जहाज पर लगी आग

**मास्को।** रूस का जासूसी जहाज पर पिछले महीने आग लग गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह हादसा सीरिया तट के पास हुआ था। आग लगने के बाद जहाज पर मौजूद अधिकारियों ने उसका कंट्रोल खो दिया था। रूसी जहाज पर मौजूद शख्स ने रेडियो के जरिए दूसरे जहाजों को दूर रहने की चेतावनी भी दी। रेडियो मैसेज में एक व्यक्ति ने कहा कि हमारा जहाज संकट में है, प्लीज दूर रहें। इसके अलावा एक दूसरे जहाज को चेतावनी में कहा कि हमारा जहाज उसी दिशा में है। इस पर कंट्रोल नहीं हो रहा है, ये बह रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक रूस के जहाज से धुएं के गुबार और आग की लपटें उठ रही थीं। इन्हें नाटो के एक सदस्य देश के जहाज ने रिकॉर्ड किया है। रूस के जासूसी जहाज का काम भूमध्य सागर में नाटो की गतिविधियों पर नजर रखना है। आग लगने से पहले यह तुर्की के नौसैनिक अभ्यास पर नजर रख रहा था। जहाज पर कम से कम 4 घंटे तक आग जलती रही। नाटो अधिकारियों के मुताबिक आग लगने के बाद उन्होंने रूसी जहाज को मदद की पेशकश की थी, जिसे रूसी अधिकारियों ने इनकार दिया था।

### सीएम नायब ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अरैल पक्का घाट पर पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना की तथा अध्यात्म एवं सनातन परम्पराओं के विराट समागम का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुंभ का एक विशेष महत्व स्थान माना गया है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान हर सनातनी संगम में पवित्र डुबकी लगाना चाहता है। शास्त्रों के अनुसार कुंभ में डुबकी लगाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसीलिए बड़े से बड़े ऋषि-मुनि और संत-महात्मा महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए विशेष तौर पर शामिल होने के लिए आते हैं। उन्होंने त्रिवेणी संगम की विशेषता को बयां करते हुए कहा कि माँ गंगा, यमुना, सरस्वती का संगम है, भारत की धरा पर यह दृश्य विहंगम है। तीर्थराज प्रयाग दर्शन महान, दिव्य और अद्भुत है महाकुंभ का स्नान।

### पुलिस मुठभेड़ में दो गौ तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में स्वाट टीम डीसीपी ग्रामीण और थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने बाइक सवार दो गौ तस्करों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से गोकशी से संबंधित अवैध शस्त्र, छुरा, रस्सी आदि सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक साजिद उर्फ सदुआ है, जो पहले भी गोकशी मामले में लिप्त रहा है और अमरोहा में ऐसे ही एक मामले में 25,000 रुपये का इनामी रहा था। दूसरा आरोपी बज्जू उर्फ अज्जू उर्फ वजाहत है, 15,000 रुपये का इनामी है। ये दोनों आरोपी ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में सड़क किनारे सीवर के गड्ढे में प्लास्टिक के कट्टों में चार गोवंशों के अवशेष फेंकने की घटना में शामिल थे। पुलिस के अनुसार ये आरोपी एनसीआर क्षेत्र से होंडा सिटी में गाय चोरी करते थे

# टैंकर से भिड़ी श्रद्धालुओं की ट्रैवलर, 6 की मौत

एजेंसी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में महू तहसील के मानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में महाकाल दर्शन कर वापस लौट रहे कर्नाटक के चार श्रद्धालुओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 16 तीर्थयात्री घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मानपुर थाना पुलिस के अनुसार कर्नाटक के बेलगाम जिले के रहने वाले तीर्थयात्री गुरुवार देर शाम महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे थे। वहां से दर्शन करने के बाद सभी यात्री अपने गांव लौट रहे थे। शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे मानपुर के पास



तीर्थयात्रियों से भरी ट्रैवलर पहले एक बाइक से टकरा गई, इसके बाद वह अनियंत्रित होकर टैंकर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैवलर की पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चपेट में आई बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही ट्रैवलर में सवार दो श्रद्धालुओं ने भी मौके पर दम तोड़ दिया। हादसे में घायल 18 लोगों को एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया था, जिनमें से दो लोगों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस तरह हादसे में कुल छह लोगों की मौत हो गई, वहीं 16 घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गयी है। हादसे के बाद सड़क पर जाम भी लग गया था, जिसे पुलिस ने हटवा दिया है। मानपुर थाने के एसआई रवि कुमार ने बताया कि राऊ-खलघाट हाइवे पर भेरुघाट की ओर रही ट्रैवलर नंबर डीडी-01, एक 9889 ने अनियंत्रित होकर आगे चल रही बाइक को चपेट में ले लिया। इसके बाद टैंकर क्रमांक एमपी 09, एचजी 8024 में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार धरमपुरी निवासी हिमांशु और सेंधवा निवासी शुभम की मौत हुई है। हादसे में ट्रैवलर में सवार दो महिलाओं की भी मौके पर ही मौत हो गई। अभी उनकी पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि 18 घायलों को एमवाय अस्पताल पहुंचाया था, जिनमें से सागर (65) और नीतू (50) की इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अभी 16 यात्री घायल हैं, जिनका उपचार जारी है।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीएम सिद्दारमैया को दी राहत

▸ एमयूडीए मामले में सीबीआई जांच की मांग खारिज

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सीएम सिद्दारमैया को राहत देते हुए मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले की सीबीआई से जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दी है। यह फैसला न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली धारवाड़ पीठ ने की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने 27 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीएम सिद्दारमैया को मामले में पहला आरोपी बनाया गया था, जबकि उनकी पत्नी बीएम पार्वती को भी इसमें आरोपी बनाया गया था। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने इसे एक अस्थायी झटका बताया और कहा कि आदेश पत्र उपलब्ध होने के बाद अपील



दायर की जाएगी। सिद्दारमैया पर आरोप है कि उन्होंने एमयूडीए के अधिग्रहित तीन एकड़ और 16 गुंटा भूमि के बदले में अपनी पत्नी के नाम पर 14 साइटों के लिए मुआवजा हासिल करने के लिए अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया था। याचिकाकर्ता ने जांच पर आपत्ति जताई थी। वहीं इस जांच के बजाय सीबीआई जांच की मांग की थी। अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कोर्ट ने लोकायुक्त को अपनी जांच जारी रखने और आगे की रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए छह प्रमुख वकीलों ने इस मामले में बहस की।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 4 की मौत

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कल्याणी में शुक्रवार को एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि पूरी फैक्ट्री तहस-नहस हो गई और जले हुए शव चारों ओर बिखरे मिले। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।

घटना कल्याणी के रथतला इलाके में घनी आबादी वाले क्षेत्र में हुई। विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि फैक्ट्री की दीवारें गिर गईं और इलाके में अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट के बाद भयंकर आग लग गई, जिसे दमकल विभाग ने काफी मशक्कत के बाद काबू



पाया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को संदेह है कि पटाखे बनाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लगी, जिसके कारण यह विस्फोट हुआ। हालांकि, विस्फोट के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग मौके पर मौजूद हैं और मलबे में किसी के फंसे होने की संभावना को देखते हुए बचाव अभियान जारी है।दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में राज्य में पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट की कई घटनाएं हुई हैं। 2023 में पूर्व मेदिनीपुर के एगरा में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाके से 09 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद दक्षिण 24 परगना के बजबज और उत्तर 24 परगना के दत्तपुकुर में भी ऐसे हादसे हुए थे, जिनमें कम से कम 07 लोगों की जान गई थी। अब इस कड़ी में कल्याणी का नाम भी जुड़ गया है। घटना के बाद से स्थानीय लोगों में गुस्सा और दहशत है। घनी आबादी के बीच ऐसी पटाखा फैक्ट्रियों के संचालन पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इन फैक्ट्रियों पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

### जैश ने हमास और लश्कर के साथ की बैठक

**इस्लामाबाद।** आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रावलकोट में एक कार्यक्रम के दौरान बैठक आयोजित कर भारत के खिलाफ जहर उगला है। इस मौके पर आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दुश्मन घोषित किया। इस कार्यक्रम में जैश के साथ लश्कर-ए-तैयबा और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने भी हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में जैश का एक नेता कश्मीर के लिए संघर्ष की बात करता सुनाई दे रहा है। उसने कहा कि मोदी और शाह उनके दुश्मन हैं और वे कश्मीर के लिए एकजुट हैं।

# पुणे में जीबी सिंड्रोम से एक और मौत, अब तक 6 की मौत

▸ सबसे ज्यादा मामले हाउसिंग सोसाइटी से, पानी का लिया सेंपल

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत के बाद गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से मरने वालों की संख्या 6 हो गई है। जीबीएस के 3 नए के सामने आने के बाद पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और दूसरे इलाकों में इनकी संख्या बढ़कर 173 हो गई है।

स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बुखार और पैरों में कमजोरी की शिकायत के बाद बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला कि उन्हें जीबी सिंड्रोम है। गुरुवार को इस्केमिक स्ट्रोक के कारण उनकी मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 55 मरीज आईसीयू और 21 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं, जबकि 72 को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि जीबी सिंड्रोम के सबसे ज्यादा मामले नांदेड़ के पास हाउसिंग सोसाइटी से आए हैं। यहां पानी का सैंपल लिया गया, जिसे कैंपिलोबैक्टर जेजुनी पॉजिटिव पाया गया है। यह एक प्रकार का बैक्टीरिया है जो पानी में पाया जाता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी ने इसकी पुष्टि की है कि नांदेड़ और उसके आसपास के इलाकों में जीबी सिंड्रोम प्रदूषित पानी के कारण फैला है। पुणे नगर निगम ने इलाके में 11 निजी आरओ सहित 30 प्लांट को सील कर दिया है और इलाके पर नजर रखी जा रही है।

# नाइजीरिया में सेना की टुकड़ी पर घात लगाकर हमला, 10 जवानों की मौत

एजेंसी

**अबूजा।** पश्चिमी नाइजीरिया में बुर्किना फासो से लगी सीमा पर मवेशी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भेजी सेना की टुकड़ी पर हमलावरों ने हमला कर दिया जिसमें कम से कम 10 सेना के जवानों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में नाइजीरिया की सैन्य सरकार ने एक बयान जारी कर कहा कि तकजात गांव में मवेशी तस्करों को पकड़ने के लिए सेना की एक टुकड़ी को तैनात किया था। अभियान के दौरान हमलावरों के एक समूह ने सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला किया जिसमें 10 सैनिक मारे गए हैं। हमले के बाद हमलावर फरार हो गए लेकिन सेना ने 15 हमलावरों को पकड़ लिया और उन्हें मौत के घाट उतार दिया है। नाइजीरिया और पड़ोसी मुल्क बुर्किना फासो, माली एक दशक से ज्यादा समय से समूहों के विद्रोह से जूझ रहे हैं। कुछ समूह आतंकवादी संगठन से जुड़े हुए हैं। तीनों ही देशों में सैन्य सरकार हैं और उन्होंने सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे फ्रांस के सैनिकों को वापस भेज दिया है। तीनों देशों ने एक नया सुरक्षा गठबंधन स्थापित करके आपसी सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया है।

### बाइक के कुएं में गिरने से, चार युवकों की मौत

**धार ।** मध्यप्रदेश के धार जिले में एक बाइक के कुएं में गिरने से उस पर सवार चार युवकों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। यह घटना छोटी उमरबंद तथा मुंडला गांव के बीच हुई। पुलिस ने बताया कि एक ही बाइक पर सवार चार लोग तीखे मोड़ पर कुएं में गिर गए। मृतकों की पहचान संदीप (19), अनुराग (22), मनीष (20) और रोहन (19) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ये सभी एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद छोटी उमरबंद से मुंडला गांव लौट रहे थे।

# हादसे का शिकार हुआ अमेरिकी सैन्य विमान, 4 की मौत

एजेंसी

**मनीला ।** अमेरिकी रक्षा विभाग का एक छोटा विमान दक्षिणी फिलीपींस में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने दी। बता दें कि फिलीपींस में अल्पावधि के लिए अमेरिकी सैनिकों की तैनाती की गई है, जहां अमेरिकी सेना ने मिंडानाओ में सक्रिय इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े आतंकवादियों से लड़ने वाले सैनिकों को खुफिया जानकारी उपलब्ध कराने में मदद की है। फिलीपींस की सेना ने एक बयान में कहा कि वह दुर्घटना के बारे में जानकारी जारी नहीं कर सकती क्योंकि मामला गोपनीय है



और जांच जारी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साक्ष्यों के साथ संभावित छेड़छाड़ को रोकने के लिए पुलिस और सैनिकों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। दुर्घटना दक्षिणी फिलीपींस के मगुइंडानाओ डेल सुर में हुई। विमान खेत में गिरा। दुर्घटना स्थल से आई तस्वीरों में बीचक्राफ्ट किंग एयर 350 का मलबा दिखाई दे रहा है, जिसकी पुष्टि अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने की है। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में अमेरिकी मरीन का एक सदस्य समेत तीन रक्षा कॉन्ट्रैक्टर (ठेकेदार) की मौत हो गई।अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने कहा कि छोटा विमान फिलीपींस के सहयोगियों के अनुरोध पर खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही सहायता प्रदान करते हुए एक नियमित मिशन पर था। यह दुर्घटना एक नियमित मिशन के दौरान हुई तथा दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, यह विमान मेट्रिया स्पेशल एयरोस्पेस आईएसआर, इंक के नाम पर पंजीकृत है। यह दुर्घटना नए रक्षा सचिव पीट हेगसेथ की फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा सचिव गिल्बर्टो टेओडोरो जूनियर संग हुई पहली बातचीत के एक दिन बाद घटी।

# अमेरिका ने वेनेजुएला विमान को किया जब्त

एजेंसी

**सैंटो डोमिंगो।** अमेरिका ने वेनेजुएला सरकार के दूसरे विमान को जब्त कर लिया है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो की डोमिनिकन रिपब्लिक की यात्रा के दौरान इस विमान को सीज कर लिया है। रुबियो ने राजधानी सेंटो डोमिंगो में एक सैन्य हवाई पट्टी की यात्रा की, जहां कैमरों के सामने एक डोमिनिकन रिपब्लिक प्रोसिक?यूटर और अमेरिकी कानून प्रवर्तन प्रतिनिधि ने वेनेजुएला के झंडे वाले डसॉल्ट फाल्कन 200 जेट की जब?ती की कार्रवाई की। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, वेनेजुएला के अधिकारियों ने ग्रीस, तुर्की, रूस, निकारागुआ और क्यूबा के लिए



उड़ान भरने के लिए विमान का इस्तेमाल किया और रखरखाव के लिए इसे डोमिनिकन रिपब्लिक ले गए। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के मुताबिक मादुरो के तेल मंत्री ने 2019 में यूएई में ओपेक तेल कार्टेल की बैठक में भाग लेने के लिए विमान का इस्तेमाल किया था। सितंबर में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका ने डोमिनिकन रिपब्लिक में वेनेजुएला सरकार के एक और हवाई जहाज को जब्त करने का ऐलान किया था, जिसका इस्तेमाल मादुरो को अंतरराष्ट्रीय यात्राओं पर ले जाने के लिए किया गया था।

बता दें ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में मादुरो को हटाने की असफल कोशिश की थी। हालांकि ट्रंप के दूत रिचर्ड ग्रेनेल ने पिछले हफ्ते छह अमेरिकी कैदियों की रिहाई के लिए मादुरो से मिलने के लिए कराकस की यात्रा की थी। वेनेजुएला ने कहा कि बातचीत सम्मान के साथ हुई, लेकिन रुबियो और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि मादुरो को वेनेजुएला के वैध राष्ट्रपति के रूप में स्वीकार करने से अमेरिका के इनकार पर कोई पीछे नहीं हटेगा।

### दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में 6 को उम्र कैद

**बरेली ।** बरेली की एक अदालत ने युवती से सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या करने के मामले में छह लोगों को दोषी करार देकर आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) स्वतन्त्र कुमार पाठक ने बताया कि 2001 में एक गांव में निरंजन लाल और भगवान दास के खिलाफ एक किशोरी से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ था और मामले में दोनों जेल भी गए थे। मुकदमे की रंजिश को लेकर पांच नवंबर 2008 को निरंजन लाल, भगवान दास और उनके साथी रामेश्वर दयाल, पप्पू, बादल और कुंवर सेन ने पीड़िता से सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या कर दी।

# 1500 साल पुराना रोमन शैली में बना ताबूत मिला

एजेंसी

**लंदन ।** सडक के निर्माण कार्य के दौरान इंग्लैंड में मजदूरों को एक 750 किलो का रोमन शैली में बना ताबूत मिला, जो लगभग 1500 साल पुराना बताया जा रहा है।

इंग्लैंड के पीटरबरो के पास वैन्सफोर्ड और सुटॉन के बीच एक सड़क को चौड़ा करने के लिए की जा रही खुदाई के दौरान यह ताबूत बरामद हुआ। जैसे ही ताबूत मिला, निर्माण कार्य को तुरंत रोक दिया गया और पुरातत्वविदों को इसकी जांच के लिए बुलाया गया। ताबूत की ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्ता को देखते हुए विशेषज्ञों की एक टीम को बुलाया गया, जिन्होंने इसे खोलकर देखा तो उनके होश उड़ गए। ताबूत के अंदर एक इंसानी



कंकाल पाया गया, जो इस बात का संकेत देता है कि यह किसी उच्च वर्गीय या अमीर व्यक्ति का अंतिम रेस्टिंग प्लेस हो सकता है। पुरातत्वविदों ने बताया कि ताबूत को लाइमस्टोन से हाथ से तराशा गया है और इसके ऊपर बेहतरीन कलाकारी की गई थी। यही नहीं, कंकाल को कीमती जिपसम से दफनाया गया था, जो यह दशार्ता है कि यह सामान्य व्यक्ति का नहीं, बल्कि किसी प्रभावशाली शख्स का हो सकता है। इस ऐतिहासिक खोज को लेकर हेडलैंड आर्कियोलॉजी के प्रोजेक्ट मैनेजर डेविड हैरिसन ने कहा कि यह खोज बेहद दुर्लभ और रोमांचक है। यह ताबूत ए 47 हाईवे की खुदाई के दौरान मिला, जहां करीब 52 पुरातत्वविदों और 20 सिविल इंजीनियरों की टीम पिछले सात महीनों से खुदाई कर रही थी।

# कई कारणों से गाजा पर कंट्रोल करना चाहते हैं डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इरादों को समझना अक्सर कठिन होता है। अपने अप्रत्याशित दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध ट्रंप का मानना है कि वे किसी भी प्रकार की बातचीत में मोल-भाव के मास्टर हैं। यह भेद करना मुश्किल हो जाता है कि उनका प्रारंभिक बिंदु क्या है और अंत में उनकी क्या योजना हो सकती है। कुछ विश्लेषक मानते हैं कि यह प्रस्ताव इजरायल के कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए था, जिनका यह लंबे समय से मानना रहा है कि गाजा में अवैध बस्तियां बसाई जाएं। वहीं, कुछ इसे अरब देशों को गाजा के पुनर्निर्माण के लिए धन जुटाने के लिए एक रणनीतिक कदम मानते हैं। वहीं, ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार



माइक वाल्ट्ज ने इसे एक बड़े क्षेत्रीय समाधान का हिस्सा बताया है। ट्रंप के पहले बयान में गाजा को शानदार स्थान बताया गया। उनके दामाद जारेड कुशनर भी ऐसा ही सोचते हैं। उन्होंने पहले कहा था कि गाजा के तटीय क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। अगर फिलिस्तीनियों को हटा दिया जाए तो यह सुंदर जगह साबित हो सकता है। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि यह विचार पूरी तरह से अव्यावहारिक और फिलिस्तीनियों के इतिहास और संस्कृति को नजरअंदाज करता है। ट्रंप का यह विचार है कि अमेरिका गाजा पर नियंत्रण स्थापित करेगा और वहां के 20 लाख लोगों को निकालकर अन्य देशों में भेज देगा। इसमें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। यह विचार न केवल व्यावहारिक रूप से असंभव है, बल्कि यह फिलिस्तीनियों के लिए गहरी चोट पहुंचाने वाला भी है। गाजा में रहने वाले लोग किसी भी प्रकार के विस्थापन के खिलाफ विद्रोह करेंगे। यह न केवल फिलिस्तीनियों की अस्मिता और उनके अधिकारों के खिलाफ है, बल्कि यह क्षेत्रीय संघर्ष को और बढ़ा सकता है। इसके अलावा रिपब्लिकन पार्टी के कई सदस्य ने भी गाजा में अमेरिकी सैनिकों को तैनात करने के विचार पर शंका व्यक्त की है। उन्होंने इस कदम को लेकर विरोध किया है। हालांकि कुछ लोग मानते हैं कि अरब देश अंततः ट्रंप के दबाव में आ सकते हैं। इसके बावजूद इस प्रस्ताव को लेकर उनका भारी विरोध इसे पूरी तरह से असंभव बना देता है। अगर अमेरिका एकतरफा कदम उठाता है तो यह उसकी क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक स्थिति को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। यह सत्य है कि इजजायल अक्सर गाजा में स्थित हमास के पूरी तरह से खत्म करने की बात करता है। विश्लेषकों का मानना है कि इजरायल के वास्तविक लक्ष्य कुछ और हैं। कई लोगों का मानना है कि ट्रंप का गाजा से फिलिस्तीनियों को निकालने का प्रस्ताव इजरायल की दीर्घकालिक योजना से मेल खाता है, जिसमें गाजा में बसे फिलिस्तीनियों को हटाना और क्षेत्रीय विस्तार करना शामिल है।

# यूपी में अब 60 और 90 एमएल की पैकिंग में मिलेगी विदेशी शराब

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी कैबिनेट ने नई आबकारी नीति को मंजूरी दी है। अब राज्य सरकार की नई आबकारी नीति के तहत शराब की दुकानों का लाइसेंस ई-लॉटरी के जरिए दिया जाएगा और पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। अब विदेशी मदिरा 90 व 60 मिलीलीटर के पैक में भी उपलब्ध होगी जो पहले नहीं थी। सभी शराब दुकानों की आवंटनम ई-लॉटरी के जरिए किया जाएगा और एक व्यक्ति को अधिकतम दो ही दुकाने मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिपरिषद की बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने गुरुवार को



बताया कि प्रदेश में अब विदेशी मदिरा 90 व 60 मिलीलीटर के पैक में भी उपलब्ध होगी जो पहले नहीं थी। सभी शराब दुकानों की आवंटन ई-लॉटरी के जरिए किया जाएगा और एक व्यक्ति को अधिकतम दो ही दुकाने मिल सकेंगी। योगी सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में आबकारी राजस्व से 55000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है जो पिछले साल से 4000 करोड़ रुपये अधिक है।

## खास खबर

### केंद्रीय बैंक ने की होम लोन ईएमआई में कटौती

नई दिल्ली। आम बजट के पेश होने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर रीपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की घोषणा की। इससे होम लोन, कार लोन, और पर्सनल लोन की ईएमआई में कमी की संभावना है। प्रत्येक कटौती आपकी जेब में छुपी छोटी-छोटी बचतें ला सकती हैं। अगर आपने 20 साल के लिए 30 लाख रुपये का होम लोन लिया है, तो पुरानी ईएमआई 26,035 रुपये हो सकती थी, और अब नई ईएमआई शायद 25,562 रुपये हो सकती है। यह कमी आपके ब्याज दरों में केवल 0.25 फीसदी कटौती के कारण आ सकती है। आरबीआई ने बैंकों को सभी प्रकार के रिटेल और पर्सनल लोन को भी किसी एक्सटर्नल बेंचमार्क से लिंक करने का निर्देश दिया है।

### कई बड़े प्रोडक्ट्स बाजार में उतारने की तैयारी एप्पल

नई दिल्ली। आने वाले महीनों में एप्पल कंपनी कई बड़े प्रोडक्ट्स बाजार में उतारने की तैयारी कर रही है। इनमें आईफोन एसई 4, एम4 चिपसेट वाला मेकबुक एयर, नया एयरटेग और स्मार्ट होम डिस्प्ले शामिल हैं। आईफोन एसई 4 में इस बार बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके डिजाइन को आईफोन 14 के समान बनाया जा सकता है, जिसमें फ्लैट-फ्रेम स्ट्रक्चर और ग्लॉसी ग्लास बैक होगा। होम बटन को हटाकर फेस आईडी को इंटीग्रेट किया जा सकता है। डिवाइस को ए18 चिपसेट द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज मिलेगी। कैमरा सेटअप में 48एमपी का रियर कैमरा और 12एमपी का फ्रंट कैमरा दिया जा सकता है। एप्पली अपने मेकबुक एयर को भी अपग्रेड करने जा रहा है। नए मेकबुक एयर में एम4 चिपसेट दिया जाएगा और बेस मॉडल में 16जीबी रेम होगी। हालांकि, इसका डिजाइन पहले की तरह ही रहने की उम्मीद है। कंपनी आईपेड के 11वें जेनरेशन मॉडल को भी ए18 चिप के साथ लॉन्च कर सकती है, जिसमें बेहतर परफॉर्मेंस और एप्पल इंटेलिजेंस का सपोर्ट मिलेगा।

### वीवो जल्द ही अपनी नई वी50 सीरीज करेगी लांच

नई दिल्ली। भारत में स्मार्टफोन कंपनी वीवो जल्द ही अपनी नई वी50 सीरीज लॉन्च करने वाली है। वीवो वी50 का मुख्य आकर्षण इसका कैमरा और फोटोग्राफी क्षमताएं होंगी। कंपनी ने एक्स पर एक पोस्ट साझा कर इस स्मार्टफोन के जल्द लॉन्च होने की पुष्टि की है। हालांकि, कंपनी ने अभी तक इसके प्रो वेरिएंट का जिक्र नहीं किया है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इसे बाद में लॉन्च किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वीवो वी50 फरवरी के तीसरे हफ्ते में भारतीय बाजार में दस्तक दे सकता है। इस स्मार्टफोन को लेकर कंपनी ने अधिक जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन इसके कैमरा फीचर्स को खास तौर पर हाइलाइट किया गया है। वीवो वी50 में झेइस का कैमरा सिस्टम देखने को मिल सकता है, क्योंकि कंपनी ने पोस्ट में झेइसप्रोर्ट्रेटसोप्रो हैशटैग का इस्तेमाल किया है। इसका मतलब है कि इसका कैमरा जर्मन ऑप्टिक्स ब्रांड झेइस के सहयोग से विकसित किया गया है। 91मोबाइल्स की रिपोर्ट के अनुसार, वीवो वी50 का डिजाइन चीन में लॉन्च किए गए वीवो एस20 से प्रेरित हो सकता है।

### एलएचडी मैग्नाइट का अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात शुरू

नई दिल्ली। ऑटोमोबाइल कंपनी निसान ने अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी निसान मैग्नाइट के लेफ्ट-हैंड ड्राइव (एलएचडी) संस्करण का विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात शुरू कर दिया है। निसान ने अपने को ग्लोबल एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट फ्रैंक टॉरेस ने बताया कि कंपनी अब तक 10,000 यूनिट्स का निर्यात कर चुकी है, और यह संख्या जल्द ही और बढ़ेगी। पहले निसान भारत से 20 देशों में वाहनों का निर्यात कर रही थी, लेकिन एलएचडी मैग्नाइट के जरिए यह दायरा 65 देशों तक पहुंच जाएगा।

# भारत ने हासिल की 100 गीगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता : प्रह्लाद जोशी

- उल्लेखनीय उपलब्धि स्वच्छ, हरित भविष्य के लिए देश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है
- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में भारत की ऊर्जा यात्रा ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रही है



एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता हासिल किया है, जो एक मील का पत्थर है। जोश ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के देश के लक्ष्य को भी रेखांकित किया। जोशी ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने 100 गीगावाट सौर क्षमता हासिल किया है। ये उपलब्धि स्वच्छ, हरित भविष्य के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता से प्रेरित है। इससे अक्षय ऊर्जा में वैश्विक नेता के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि स्वच्छ, हरित भविष्य के लिए देश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में भारत की ऊर्जा यात्रा ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रही है। इससे पहले भारत ने 2022 तक 100 गीगावाट सौर ऊर्जा सहित 175 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने की योजना बनाई थी। हालांकि, कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन लगने की वजह से इसे हासिल नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि भारत ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के शासन के दौरान 2004-14 के दौरान 2.82 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी थी, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 2014 से 2025 के कार्यकाल में 100 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी गई है। सौर पैनल, सौर पार्क और रूफटॉप सौर परियोजनाओं जैसी पहलों ने क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। इसके परिणामस्वरूप आज भारत ने 100 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है। हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि दुनिया को नई राह भी दिखा रहा है। जोशी ने कहा कि यह उपलब्धि स्वच्छ और हरित भविष्य के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता से प्रेरित है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना छतों पर सौर ऊर्जा को एक घरेलू वास्तविकता बना रही है। यह टिकाऊ ऊर्जा में एक बड़ा बदलाव है, जो हर घर को स्वच्छ बिजली से सशक्त बनाती है।

## रेपो रेट में कटौती से बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा : कैट

नई दिल्ली। कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के नीतिगत ब्याज रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती का स्वागत किया है। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के मौद्रिक नीति की घोषणा में रेपो रेट में कटौती का स्वागत करते हुए इसे व्यापार और उपभोक्ताओं के लिए उधारी लागत को कम करने वाला और विकासोन्मुखी कदम बताया। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई दर 4.8 फीसदी और अगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 4.2 फीसदी रहने का अनुमान है। इससे आर्थिक विकास और मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन सुनिश्चित होगा। खंडेलवाल ने कहा कि रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती से होम लोन और बिजनेस लोन की ईएमआई कम होगी, जिससे लोगों को वित्तीय राहत मिलेगी। इसके साथ ही उनकी खर्च योग्य आय (डिस्पोजेबल इनकम) भी बढ़ेगी और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी। इसके परिणामस्वरूप बाजार में पूंजी प्रवाह (लिक्विडिटी) बढ़ेगा, जिससे व्यावसायिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

## आरबीआई का अनुमान 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

एजेंसी




मुंबई/नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। साथ ही 31 मार्च को समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.4 फीसदी अनुमानित है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को बताया कि रबी फसल की अच्छी संभावनाओं तथा औद्योगिक गतिविधियों में अपेक्षित सुधार से अगामी वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा। उन्होंने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में कर राहत से घरेलू खपत मजबूत रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.7 फीसदी रहने का अनुमान है। पहली तिमाही में 6.7 फीसदी, दूसरी तिमाही में 7.0 फीसदी और तीसरी तथा चौथी तिमाही में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की संभावना है। संसद में पिछले हफ्ते पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान लगाया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025-26 में 6.3-6.8 फीसदी की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 फीसदी पर आने का अनुमान है। इसके बाद ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025-26 में उपभोग को बढ़ावा देने के लिए मध्यम वर्ग को अब तक की सबसे बड़ी आयकर छूट प्रदान करने का ऐलान किया है।

## वैलेंटाइन, डे पर डायमंड ज्वैलरी पर 30% तक की छूट

एजेंसी




नई दिल्ली। वेलेंटाइंस के इस सीजन में हर जगह प्यार की ही चर्चा होती है, और ऐसे में भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड्स रिलायंस ज्वेल्स, आपको अपने प्यार को सबसे खूबसूरत अंदाज में बयां करने का एक बेहतरीन मौका दे रहा है। इस ब्रांड ने अपना एक खास वेलेंटाइन कलेक्शन पेश किया है जिसमें खूबसूरत डायमंड ज्वेलरी का शानदार कलेक्शन शामिल है। इसमें रोजमर्रा के स्टाइलिश ईयररिंग्स, नाजुक नेकलेस और क्लासिक रिंग्स शामिल हैं। ये कलेक्शन आपके दिल में बसे प्यार का एक ऐसा प्रतीक है जो समय और ट्रेंड्स से परे जाकर आपकी भावनाओं को हमेशा के लिए अमर बना देता है। अपने इस खास मौके को और भी यादगार बनाने के लिए रिलायंस ज्वेल्स वेलेंटाइन डे के मौके पर डायमंड ज्वेलरी पर 30% तक की विशेष छूट दे रहा है। यह ऑफर 16 फरवरी 2025 तक देशभर के सभी रिलायंस ज्वेल्स शो-रूम्स में उपलब्ध रहेगा। रिलायंस ज्वेल्स का यह खास डायमंड कलेक्शन हर मौके के लिए डिजाइन किया गया है, चाहे आप अपनी मुहब्बत को सेलिब्रेट कर रहे हों, उस खास रिश्ते को हमेशा निभाने की कसमें खा रहे हों, या फिर अपना कोई यादगार पल संजो रहे हों। हर ज्वेलरी पीस को खास अंदाज में डिजाइन किया गया है ताकि यह इस वेलेंटाइंस डे पर और उसके बाद भी आपके रिश्तों की गहराई को बखूबी बयां कर सके। डिजिटल दुनिया में जहां हर चीज सुविधा और सहूलियत को देखकर चुनी जाती है।

## रोजलिन खान ने हिना खान पर लगाया डॉक्टर को रिश्वत देने का आरोप



एजेंसी

मुंबई। अभिनेत्री रोजलिन खान भारतीय मनोरंजन उद्योग में सबसे प्रशंसित और सम्मानित नामों में से एक हैं। एक कलाकार के रूप में, उन्होंने विभिन्न दिलचस्प विषयों को छुआ है और पर्दे पर अपनी क्षमता साबित करने के लिए प्रयोगात्मक चीजों को आजमाने से कभी पीछे नहीं हटी हैं। उन्होंने कैंसर के चरण 4 से लड़ाई लड़ी है और जीत हासिल की है और यह निश्चित रूप से अविश्वसनीय है। किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में जो खुद सभी बाधाओं के खिलाफ इसे हराकर कैंसर से बच गया है, रोजलिन इसके बारे में सब कुछ जानती है, उपचार से लेकर प्रक्रियाओं के बाद दवा तक। जब उन्हें हिना खान के कैंसर के मामले में विसंगतियां मिलीं, तो उन्होंने अपनी राय साझा करने में कोई संकोच नहीं किया। उसे चुनौती देने से लेकर मीडिया के सामने खुलकर सामने आने और उसके इलाज के बारे में बहुत कुछ साझा करने तक, रोजलिन ने ऐसे सवाल पूछे हैं जिनका हिना ने अभी तक जवाब नहीं दिया है।

## कैच मसालों के नए विज्ञापनों में दिखेगा अक्षय-राजपाल का जबरदस्त तड़का

एजेंसी



रांची। कैच स्पाइसेज, जो धरमपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) का प्रमुख ब्रांड है और देश के अग्रणी एफएमसीजी समूहों में से एक है, ने आज अपने दो नए टेलीविजन विज्ञापनों की घोषणा की। इन विज्ञापनों में बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार और राजपाल यादव नजर आएंगे। यह नया कैंपेन ब्रांड के संदेश क्योंकि खाना सिर्फ खाना नहीं होता को और मजबूत बनाने के लिए तैयार किया गया है। इसमें हल्के-फुल्के और दिलचस्प किस्सों के जरिए खाने से जुड़ी भावनाओं को खूबसूरती से दर्शाया गया है। इस अभियान की क्रिएटिव सोच डेंट्सु इंटरनेशनल ने तैयार की है, जबकि निर्देशन क्रोम पिक्चर्स लिमिटेड के हेमंत भंडारी ने किया है। ये नए विज्ञापन विशेष रूप से कैच हल्दी और कैच गरम मसाला पर केंद्रित हैं, जो ब्रांड की पहचान को और मजबूत बनाते हैं। इनमें यह दिखाया गया है कि कैसे कैच स्पाइसेज खाने के स्वाद को बढ़ाने के साथ-साथ लोगों और परिवारों के बीच संबंधों को भी मजबूत करते हैं।

## अमेजन इन के वैलेंटाइन डे स्टोर के साथ प्यार का खूबसूरत इजहार अब बस एक क्लिक दूर

एजेंसी




रांची। अमेजन इन पर खासतौर पर तैयार किए गए वैलेंटाइन डे स्टोर के साथ प्यार के सभी रंगों का जश्न मनाएं। खूबसूरत फूलों, बेहतरीन चॉकलेट, स्टाइलिश एक्सेसरीज, स्वादिष्ट व्यंजनों से लेकर खास पलों को यादगार बनाने के लिए दिल छू लेने वाली चीजों तक, आप इस स्टोर के विशाल संग्रह के साथ खरीदारी कर सकते हैं। आप इन सभी प्रोडक्ट को भारत के 100 प्रतिशत सेवा योग्य पिन कोड पर अपने प्रियजनों के घर पर डिलीवर करवा सकते हैं। अमेजन इन पर ताजे फूलों की डिलीवरी के साथ प्यार के इस खूबसूरत मौसम को और भी खुशनुमा बनाएं। अगर आप अभी भी यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि क्या उपहार दें, तो अमेजन.इन के गिफ्ट कार्ड आपके लिए एक बेहतर विकल्प के रूप में पेश किए गए हैं। इस गिफ्ट कार्ड के साथ आपके प्रियजन वह चीज चुन सकते हैं जो वे चाहते हैं। यहां उपहारों के कुछ लोकप्रिय विकल्प दिए गए हैं जिन्हें आप अपने प्रियजनों के लिए खरीद सकते हैं।

## तीन दिग्गज निर्देशकों के साथ काम करना चाहती है मधुरिमा तुली

एजेंसी



मुंबई। पिछले कुछ वर्षों में मधुरिमा तुली ने एक कलाकार के रूप में अपनी जगह पक्की करने के लिए बहुत मेहनत की है। टीवी डेली सोप से लेकर रियलिटी शो, म्यूजिक वीडियो, ओटीटी और यहां तक कि फिल्मों का हिस्सा बनने तक, वास्तव में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसे मधुरिमा तुली ने एक कलाकार के रूप में अभी तक टैप नहीं किया है। मधुरिमा को हमेशा एक कलाकार के रूप में उनकी विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है और इसलिए उनके पास शोबिज की दुनिया में 'सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ' के साथ काम करने के लिए सब कुछ है। मधुरिमा, जो पहले बेबी, नाम शबाना और अन्य जैसी सफल परियोजनाओं का हिस्सा रही हैं, से हाल ही में 3 निर्देशकों के बारे में पूछा गया था जिनके साथ वह काम करना चाहती हैं। इम्तियाज अली: वह व्यक्ति अपने स्वभाव और ऑन-स्क्रीन प्रतिभा के लिए जाना जाता है और जिस तरह से वह मनोरंजन और जीवन के एक टुकड़े के साथ एक सकारात्मक वाइब का मिश्रण करता है, वह वास्तव में दुर्लभ है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह हमेशा अभिनेताओं की सूची में उन सपनों के निर्देशकों में से एक के रूप में होते हैं जिनके साथ काम करना चाहिए। करण जौहर: उनकी फिल्मों में हमेशा 'जीवन से बड़ा' माहौल रहा है, जिसमें सौम्य और फैशन का मिश्रण होता है और उन्हें देश के सबसे बड़े निर्देशकों और निर्माताओं में से एक माना जाता है और उनका सम्मान किया जाता है। उन्होंने अतीत में अपनी फिल्मों के साथ जादू किया है और उनकी नवीनतम सफलता 'रॉकी और रानी...' इसे पार्क से बाहर निकालने में भी कामयाब रही।

### सोने की कीमत में तेजी जारी, चांदी में मामूली गिरावट

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने की कीमत मे तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 86,520 रुपये से लेकर 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 79,310 रुपये से लेकर 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी की कीमत में आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

## नए आयकर विधेयक को मिल सकती है कैबिनेट की मंजूरी

एजेंसी




नई दिल्ली। देश में आयकर से जुड़े नियमों में करीब छह दशक के बाद बदलाव होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज होने वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बहु प्रतीक्षित नए आयकर विधेयक 2025 को मंजूरी दी जा सकती है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसे सोमवार को संसद में पेश किया जा सकता है। विधेयक में कुछ ऐसे प्रावधान हो सकते हैं, जो आयकर में किसी तरह की राहत के लिए बजट का इंतजार करने या आयकर अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत को खत्म कर सकते हैं। इससे पहले वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने एक कार्यक्रम में कहा था कि अगले हफ्ते संसद में पेश होने वाले नए आयकर विधेयक 2025 में लंबे वाक्य, प्रावधान और स्पष्टीकरण नहीं होंगे। नए विधेयक में किसी भी तरह का कोई नया टैक्स या कोई नया बोझ नहीं डाला जाएगा। ये नया विधेयक 60 साल पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेने के लिए तैयार किया गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पहली फरवरी को अपने बजट भाषण में नए आयकर विधेयक लाने की घोषणा की थी। उन्?होंने 2025-26 के केंद्रीय बजट में कहा था कि इस विधेयक में आयकर दरों, स्लैब और स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) संबंधी प्रावधानों में किए गए बदलावों को भी शामिल किया जाएगा।

## न्युवोको विस्टास ने रांची में दूसरा रेडी मिक्स प्लांट शुरू किया

- रांची प्लांट का शुभारंभ झारखंड में निर्माण उद्योग की उभरती जरूरतों को पूरा करने वाले इनोवेटिव सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए न्युयोको के समर्पण को दर्शाता है




एजेंसी

रांची। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने रांची में अपने दूसरे अत्याधुनिक रेडी-मिक्स कांक्रीट (आरएमएक्स) प्लांट के उद्घाटन के साथ अपने नेटवर्क और मौजूदगी का विस्तार किया है। अरगोड़ा, कांके रोड, बरियातु में रणनीतिक रूप से स्थित यह प्लांट राची रीजन को हाई क्वालिटी निर्माण सामग्री प्रदान करने के लिए न्युचोको की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। न्युवोको के रांची-1 आरएमएक्स प्लांट से लगभग 30 किमी दूर स्थित, रांची-2 उत्तर-पश्चिम, पूर्व और मध्य क्षेत्रों में क्षेत्र के उभरते बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगा। औद्योगिक, कमर्शियल और आवासीय विकास से इसकी निकटता उच्च गुणवत्ता वाले कांक्रीट सॉल्यूशस की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करती है। इसके अतिरिक्त, तेजी से विकसित हो रहे बाजार से सिर्फ 15 किमी दूर होने के कारण, प्लांट को लॉजिस्टिक लाभऔर पास की खनन आपूर्ति का लाभ मिलता है। दक्षिण रांची में इसका रणनीतिक स्थान भी प्रमुख खपत वाले केंद्रों तक 25-30 किलोमीटर के कम लीड टाइम को सक्षम बनाता है, जिससे सप्लाई चेन कार्यकुशलता में अच्छी-खासी वृद्धि होती है। प्रशांत झा. चीफ रेडी-मिक्स (आरएमएक्स) कांक्रीट, न्युवोको विस्टास ने नए प्लांट के उद्घाटन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि रांची प्लांट का शुभारंभ झारखंड में निर्माण उद्योग की उभरती जरूरतों को पूरा करने वाले इनोवेटिव सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए न्युयोको के समर्पण को दर्शाता है। यह नई सुविधा न केवल क्षेत्र में हमारी उपस्थिति को मजबूत करेगी बल्कि हमें अपने ग्राहकों को अधिक कुशलता से सेवाएं देने में भी सक्षम बनाएगी। इस नए रांची प्लांट की क्षमता 60 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा है और इसमें सभी ग्रेड के कांक्रीट का उत्पादन करने में सक्षम पैन टाइप मिक्सर है।

## जैद दरबार को एक पॉप स्टार के रूप में लांच करेगी मॉडल रेहा खान

एजेंसी



मुंबई। भारतीय संगीत उद्योग में उत्साह का माहौल है क्योंकि ब्यूटी पेजेंट विजेता, अभिनेत्री और मॉडल रेहा खान ने जैद दरबार को पॉप स्टार के रूप में लॉन्च करने की जिम्मेदारी ली है। जैद, जो कि मशहूर बॉलीवुड म्यूजिक डायरेक्टर इस्माइल दरबार के बेटे और अभिनेत्री गौहर खान के पति हैं, अपने अपकमिंग गाने हैला के साथ म्यूजिक की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। यह गाना 8 फरवरी को रिलीज होने की उम्मीद है। रेहा खान सिर्फ एक ब्यूटी क्वीन ही नहीं, बल्कि एक सफल अभिनेत्री और मॉडल भी हैं। उन्होंने कई बॉलीवुड और टॉलीवुड फिल्मों में काम किया है और अपनी एक्टिंग स्किल्स के लिए सराहना बटोरी है। उनकी ग्रेस और कॉन्फिडेंस ने उन्हें कई पुरस्कार दिलाए हैं, और वह फैशन व एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक प्रमुख चेहरा बनी हुई हैं। अब, रेहा प्रोडक्शन के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। जैद दरबार को एक पॉप स्टार के रूप में लॉन्च करने का उनका फैसला एक रणनीतिक और साहसिक कदम माना जा रहा है। इंडस्ट्री में अपने अनुभव के चलते वह म्यूजिक जगत में एक नई दृष्टि और उम्दा क्वालिटी लेकर आ रही हैं। रेहा खान का यूएई से गहरा नाता है, जिसने उनके करियर और व्यक्तिगत जीवन को कई तरह से प्रभावित किया है।

# राष्ट्रीय खेल : माधो बिरवा एवं मनीषा कुमारी को रजत

## झारखंड की झोली में अब तक 05 स्वर्ण, 05 रजत, 06 कांस्य समेत कुल 16 पदक

- झारखंड के तीरंदाजों ने 02 स्वर्ण 02 रजत 02 कांस्य समेत कुल 06 पदक जीते
- झारखंड महिला हॉकी टीम का तीसरा लीग मैच महाराष्ट्र महिला हॉकी से बराबरी पर छुटा



एजेंसी

**देहरादून।** 38वे नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में तीरंदाजी में झारखंड टीम इंडियन राउंड मिक्स में रजत पदक के साथ संपन्न हो गया। झारखंड लॉन बॉल पुरुष फोर्स, पुरुष सिंगल महिला ट्रिपल एवं महिला डबल के सभी मैच जीत राज्य के 04 पदक पक्के किए। हॉकी महिला लीग मैच झारखंड एवं महाराष्ट्र का मैच बराबरी पर छुटा ,सेमीफाइनल में झारखंड महिला हॉकी का पहुंचना तय हुआ। कल झारखंड हॉकी के अंतिम लीग मैच होगा।

झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की

**झारखंड लॉन बॉल पुरुष फोर्स, पुरुष सिंगल महिला ट्रिपल एवं महिला डबल के सभी मैच जीत राज्य के लिए 04 पदक किए पक्के किए**

इस उपलब्धि पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, माननीय खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार,झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आरके आनंद, जेओए कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक,चीफ द मिशन शिवेंन्द्र दुबे, भोलानाथ सिंह ,विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी अनिल जायसवाल, हरभजन सिंह, गुलाम रब्बानी, जय कुमार सिन्हा, अर्चित आनंद,आनंद बिहारी दुबे, विजय सिंह, चंचल भट्टाचार्य, सीडीसिंह, एसकेपांडेय, वरुण कुमार, सुरेश कुमार, संजेश मोहन ठाकुर, के के सिंह, प्रभाकर राव, खुर्शीद खान, परीक्षित तिवारी, अजय झा, शैलेन्द्र पाठक, रजनीश कुमार, हरभजन सिंह, निशिकांत पाठक,बिपीन सिंह ,राजेंद्र प्रसाद, पूर्णिमा महतो, सुमन चंद्र मोहंती,आशीष झा, रितेश झा, मो.खुर्सिद खान, शैलेन्द्र दुबे, उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची के मणिकांत कुमार -जूनियर फेलो कंसलटेंट, देवेंद्र सिंह, कोच हरेंद्र सिंह, बी एस राव, जी सुधीर,स्पोर्ट्स एडवाइजर समेत खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों ने बधाई दी।

# कर्नाटक 56 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर



एजेंसी

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेलों में कर्नाटक की बादशाहत कायम है। राज्य ने कई स्पधाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 30 स्वर्ण, 11 रजत और 15 कांस्य सहित कुल 56 पदक हासिल किए हैं और पदक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। इसके बाद सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड 28 स्वर्ण, 12 रजत और 12 कांस्य सहित कुल 52 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है। विभिन्न खेल श्रेणियों में उनके प्रभुत्व ने उन्हें शीर्ष स्थान के लिए करीबी मुकाबले में बनाए रखा है। महाराष्ट्र वर्तमान में 19 स्वर्ण, 36 रजत और 33 कांस्य सहित 88 पदकों की प्रभावशाली कुल संख्या के साथ तीसरे स्थान पर है, जो उन्हें अपने लगातार प्रदर्शन से एक मजबूत दावेदार बनाता है। मध्य प्रदेश ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए 18 स्वर्ण, 8 रजत और 10 कांस्य के साथ कुल 36 पदक हासिल किए हैं। इस बीच, हरियाणा ने 13 स्वर्ण, 20 रजत और 22 कांस्य सहित 55 पदकों के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए एक मजबूत चुनौती पेश की है, जिससे कई खेल विषयों में एक पावरहाउस के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले अन्य राज्यों में तमिलनाडु (47 पदक), मणिपुर और दिल्ली (प्रत्येक में 29 पदक), और केरल (24 पदक) शामिल हैं। मेजबान उत्तराखंड 8 स्वर्ण के साथ 39 पदक हासिल करने में सफल रही है। हालाँकि, प्रतिस्पर्धा कड़ी बनी हुई है, एथलीट अपनी स्पधाओं में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए मानवीय सहनशक्ति की सीमाओं को पार कर रहे हैं। अभी भी कई आयोजन होने बाकी हैं, भविष्य में रैंकिंग में और बदलाव देखने को मिल सकते हैं। एथलीटों और खेल प्रेमियों दोनों के बीच उत्साह बहुत अधिक है और 38वें राष्ट्रीय खेल भारतीय खेलों में खेल भावना और उत्कृष्टता का प्रतीक बने रहे।

# डब्लयूपीएल से महिला क्रिकेट के प्रति रवैया बदला : मंधाना



एजेंसी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना 14 फरवरी से शुरू हो रहे महिला प्रीमिलयर लीग क्रिकेट (डब्लयूपीएल) को लेकर खासी उत्साहित हैं। मंधाना की कप्तानी में ही पिछली सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल खिताब जीता था। इसबार भी उनकी टीम का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपना खिताब बराकरार रखना रहेगा। मंधाना पिछले कुछ समय से शानदार फार्म में हैं जो वह इस लीग में भी बरकरार रखना चाहेंगी। मंधाना ने डब्लयूपीएल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि इससे महिला क्रिकेट को लेकर सभी का रवैया बदला है। साथ ही उम्मीद जतायी कि अन्य खेलों में भी लीग शुरू होने पर इसी तरह की इस सफलता देखने को मिलेंगी। मंधाना ने कहा कि डब्ल्यूपीएल शुरू होने से पहले वह ऑस्ट्रेलिया बिग बैश जैसी लीग में अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथी खेलती थी। तब सभी उनसे पूछती थीं कि हमारी अपनी लीग कब होगी। वहीं जब लीग शुरू हुई तो सभी खिलाड़ी बेहद उत्साहित थी। इस लीग से नई प्रतिभाओं को एक मंच मिला और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। इससे महिला क्रिकेट को लेकर लोगों का बदला।

# ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप आयोजित



एजेंसी

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की मेजबानी में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू ) द्वारा आयोजित ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप (पुरुष) के तीसरे दिन के मुकाबलों के पांच चक्रों के बाद कलकत्ता, जादवपुर और पटना विश्वविद्यालय के प्रतिभागी आगे चल रहे हैं। आज हुए मुकाबलों में कलकत्ता विवि ने एलएन मिथिला विवि, जादवपुर विवि ने विद्यासागर विवि को और पटना विवि ने एसओए विवि को मात दी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और बीआईटी मेसरा के बीच हुआ मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस दौरान एआईयू के ऑब्जर्वर डॉ. एन. आर. राजकुमार, चीफ आर्बिटर असित वरन चौधरी, आयोजन समिति के सचिव सुभाष शाहदेव एवं सह संयोजक राहुल रंजन भी उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति माननीय बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन और माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

## श्रेयस ने हमारी वापसी के प्रयासों पर पानी फेरा : बटलर

**नागपुर ।** शुभमन गिल और उक्षर पटेल की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम ने यहां पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में इंग्लैंड को हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। मैच में मिली हार पर निराश इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि हम मैच में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये। वहीं भारतीय टीम की ओर से शुभमन गिल और श्रेय श्रेयस ने अच्छे बल्लेबाजी कर मैच अपने पक्ष में मोड़ दिया। बटलर ने कहा कि हमने पावरप्ले में अच्छी शुरूआत की पर इसके बाद बीच के दौर में विकेट खो दिये। अंत में विकेट जिस तरह से खेला उसे देखते हुए 40 से 50 रन हम और बनाते तो बात अलग होती। हमने गेंदबाजी करते हुए अच्छी शुरूआत कर मैच में वापसी के प्रयास किये पर श्रेयस ने उन्हें विफल कर दिया।

# अबू धाबी टी10 लीग का सातवां संस्करण 18 नवंबर से




एजेंसी

**अबू धाबी।** अबू धाबी टी10 लीग के सातवें संस्करण का आयोजन 18 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक अबू धाबी के प्रतिष्ठित शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा।

अबू धाबी क्रिकेट एंड स्पोर्ट्स हब के सीईओ मैट बाउचर ने टूर्नामेंट की तारीखों की पुष्टि करते हुए कहा, ?हम अबू धाबी टी10 के 2025 संस्करण की घोषणा करके उत्साहित हैं। अबू धाबी स्पोर्ट्स काउंसिल और संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी के तहत, हमने 2019 में इस टूनार्मेंट को विकसित करने और अबू धाबी को वैश्विक खेल मानचित्र पर और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई थी। 2024 संस्करण में अब तक का सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी समूह और दर्शकों की शानदार भागीदारी देखने को मिली। उन्होंने आगे कहा कि टूनार्मेंट में लगातार नवाचार लाने और अबू धाबी को एक विश्व स्तरीय खेल गंतव्य के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा। टी10 ग्लोबल के चेयरमैन शाजी उल मुल्क ने भी 2025 संस्करण को लेकर उत्साह जताते हुए कहा, अबू धाबी टी10 क्रिकेट और मनोरंजन का अनूठा मिश्रण है। यह टूनार्मेंट 10 टीमों तक विस्तारित हो चुका है और अबू धाबी में अपनी शुरूआत के बाद से यूएई क्रिकेट कैलेंडर की एक महत्वपूर्ण स्थिरता बन गया है। यह स्थानीय खिलाड़ियों को अपने कौशल को निखारने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। टी10 लीग ने पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक क्रिकेट शेड्यूल में अपनी अलग पहचान बनाई है और 2025 का संस्करण फिर से इस तेजतर्रार प्रारूप की रोमांचक प्रकृति को प्रदर्शित करेगा। टूनार्मेंट न केवल प्रशंसकों के लिए मनोरंजक रहेगा, बल्कि यूएई के क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी देगा।

# झारखंड के तीन दिव्यांग क्रिकेटर हैदराबाद रवाना





एजेंसी

**रांची।** डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) की और से इंटर जोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट - 2025 का आयोजन हैदराबाद में किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त प्रधानमंत्री टूर्नामेंट हो रहा है। सभी क्रिकेट मैच राजीव गांधी एंटरटेनमेंट इंटरनेशनल स्टेडियम हैदराबाद में होगा। टूर्नामेंट 10 से 14 फरवरी 2025 हैदराबाद में होने जा रहा है जिसके लिए झारखंड से तीन खिलाड़ियों का चयन कर दिया गया है, मनीष कुमार ,विकास यादव और अबू ताहिर अंसारी को मौका दिया गया है । इंटर जोन में मनीष कुमार टीम के उप कप्तान होंगे. आफताब आलम ने कहा कि इन तीनों खिलाड़ी को 9 तारीख को रिपोटिंग करना है। हम आशा करते हैं कि आप अपना अच्छा प्रदर्शन करेंगे और हमारे राज्य का नाम रोशन करेंगे। यह तीनों खिलाड़ी 7 तारीख को रांची से हैदराबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। यह प्रतियोगिता बहुत ही रोमांचकारी रहेगी। दिव्यांग खिलाड़ी सामान्य लोगों को अपने हौसलों का दम दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि, इन खिलाड़ियों का चयन पिछले वर्ष में हुए विभिन्न टूनार्मेंट में प्रदर्शन को आधार मानकर गया है। दिव्यांग खिलाड़ी सामान्य लोगों को अपने हौसलों का दम दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि, इन खिलाड़ियों का चयन पिछले वर्ष में हुए विभिन्न टूनार्मेंट में प्रदर्शन को आधार मानकर गया है। झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन फॉर डिफरेंटली एबल्ड के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अर्जित आनंद, सरफे आलम, जगदीश सिंह जग्गू, सचिव आफताब आलम , सचिव मुकेश कुमार दुबे, डॉक्टर शमशेर राही,सिमी गायकवाड, जाहिद अंसारी, अफरोज अंसारी, वारिस कुरैशी, गायकवाड ,संतोष स्टूडियो ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई दिया।

# झारखंड राज्य से 5 एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी उत्तराखंड रवाना







एजेंसी

**रांची।** 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 2025 तक आयोजित है, जिसमें एथलेटिक्स की स्पर्धा देहरादून के महाराजा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 08 से 12 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें झारखंड राज्य से अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी एस के पांडेय अशोक भट्टाचार्य एवम राष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी सी डी सिंह, अनवर हुसैन, फरीद उत्तराखंड के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व एस के पांडेय अशोक भट्टाचार्य कॉमन वेल्थ गेम्स, समेत कई अंतराराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य की ओर से तकनीकी पदाधिकारी का दायित्व निभा चुके हैं। वहीं सी डी सिंह, अनवर हुसैन, फरीद ने भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर अपना दायित्व निर्वहन किया है। सभी तकनीकी पदाधिकारीयों को झारखंड एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारीयों एवं राज्य के खेल प्रेमियों ने शुभ कामना दी।

## खास खबर

### रोलेक्स घड़ी पहने दिखे अभिषेक

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे भारतीय टी20 टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आजकल छाये हुए हैं। मुंबई में खेले गए अंतिम टी20 मैच में अभिषेक ने 135 रन की आक्रामक पारी खेलकर एक नया रिकार्ड बनाया था। वहीं इस बार उनकी चर्चा बेहद महंगी रोलेक्स घड़ी को लेकर हो रही है। अभिषेक को 13 लाख रुपय से अधिक की रोलेक्स घड़ी पहने देखा गया है। रोलेक्स एक प्रतिष्ठित स्विस ब्रांड है जो अपनी लक्जरी घड़ियों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। इन घड़ियों को अक्सर उच्च फैशन से जोड़ा जाता है। इन घड़ियों को आम तौर पर अभिनेता और स्टार खिलाड़ी ही पहनने हैं। अभिषेक की घड़ी में एक प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस घड़ी का रिटेल प्राइज लगभग 9,90,000 रुपये का है जबकि इसकी मार्केट वेल्यू लगभग 16,000 डॉलर है। जो कि रुपयों में 13,98,000 है। अभिषेक की ही तरह और भी कई बड़ी हस्तियां रोलेक्स की घड़ियां पहनते हुए नजर आते हैं।

### लियोन ने हासिल की अहम उपलब्धि

**गॉले ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने श्रीलंकाई टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले ही दिन तीन विकेट लेने के साथ ही एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। लियोन अब एशियाई धरती पर टेस्ट मैचों में 150 विकेट लेने वाले पहले गैर-एशियाई गेंदबाज बन गए हैं। लियोन से पहले एशिया में सबसे अधिक विकेट ऑस्ट्रेलिया के ही दिग्गज स्पिनर रहे शेन वॉर्न ने लिए थे। दिवंगत वार्न ने 25 टेस्ट मैचों में 26 की गेंदबाजी औसत से 127 विकेट लिए थे। वहीं लियोन ने एशिया में अपने 30वें मैच में 30 गेंदों पर औसतन 150 टेस्ट विकेट लिए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी ने 21 टेस्ट में 98 विकेट और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन ने 32 टेस्ट में 92 विकेट लिए थे। इस मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया पर पहले दिन स्टंप्स तक वह 9 विकेट पर 229 रन ही बना पायी।

### अभिषेक के मुरीद हुए मैकुलम

**लंदन।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ओर वर्तमान में इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टी20 मुकाबले में शानदार पारी खेलते हुए 54 गेंदों में 7 चौके और 13 छक्कों की मदद से 135 रनों की पारी खेली थी। मैकुलम ने कहा कि अभिषेक ने ऐसे गेंदबाजों के खिलाफ आक्राम बल्लेबाजी की, जो 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। इसके अलावा उन्होंने अनुभवी स्टार स्पिनर आदिल रशीद जैसे गेंदबाजी को भी जमकर पीटा जबकि इन गेंदबाजों के सामने विश्व के अच्छे-अच्छे बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे हैं। मैकुलम ने कहा कि, सबसे पहले और सबसे जरूरी बात, अभिषेक की जो पारी हमने देखी वह उनती ही अच्छी पारी है जितनी हमने टी20 क्रिकेट में कभी देखी है।

# मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट : मयूराक्षी और गंगा की जीत से आगाज






एजेंसी

**रांची ।** रांची प्रेस क्लब की ओर से आरपीसी मीडिया कप - 2025 का भव्य आगाज शुक्रवार को जेके क्रिकेट अकादमी क्रिकेट ग्राउंड में हुआ। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, विशिष्ट अतिथि स्वामी देवेंद्र प्रकाश, निदेशक मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज और सुजीत सिंह, टाइटन आई वर्ल्ड हरमू, जितेंद्र सिंह, चेयरमैन जेके इंटरनेशनल स्कूल शामिल हुए। सभी अतिथियों का स्वागत रांची प्रेस क्लब की टीम ने पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन मयूराक्षी और गंगा की टीम ने जीत से आगाज किया। दिन का पहला मुकाबला मयूराक्षी और दामोदर के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मयूराक्षी की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 4 विकेट खोकर 182 रन बनाए। मयूराक्षी कि ओर से शमीम राजा ने 50 गेंदों में ताबड़तोड़ नाबाद 96 रन की पारी खेली। वहीं बिपिन कुमार पांडे ने 28 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दामोदर को टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट खोकर 116 रन ही बना सकी। टीम की ओर से मनोज सिंह ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। मयूराक्षी कि ओर से इमरान, कमलेश और बिपिन ने 2-2 विकेट चटके। राजा को शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मैच स्वर्णरेखा और गंगा के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वर्णरेखा की टीम ने 9 विकेट खोकर 131 रन बनाए। सतीश सिंह ने सर्वाधिक 47 और प्रिंस कुमार ने 34 रन बनाए। गंगा की ओर से राहुल सिंह ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गंगा की टीम ने 15.5 ओवर में 7 विकेट खोकर 133 रन बनाकर जीत दर्ज की। टीम की ओर से मनीष सिंह ने ताबड़तोड़ 54 रनों की पारी खेली। शक्ति सिंह ने स्वर्णरेखा की ओर से 5 विकेट लेकर गंगा को लक्ष्य से पीछे रखने की नाकाम कौशिक की। गंगा टीम के राहुल सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आरपीसी मीडिया कप के टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील, को-स्पोंसर अडानी पावर, मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अलेक्सा रिजॉर्ट एन्ड रेस्टोरेंट, स्पोर्टिंग पार्टनर टाइटन वर्ल्ड एन्ड जेके इंटरनेशनल स्कूल (जेके क्रिकेट एकेडमी) रहे।

सैफ हमला केस

# आरोपी शरीफुल के फिंगरप्रिंट मैच



सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम के कुछ फिंगरप्रिंट एक्टर के घर से लिए गए सैंपल से मैच हो गए हैं। सैफ पर 15 जनवरी की देर रात हमला हुआ था। मुंबई पुलिस ने 22 जनवरी को फिंगरप्रिंट और अन्य सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेजे गए थे। मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी शरीफुल इस्लाम के फिंगरप्रिंट जांच के लिए जो सैंपल भेजे गए थे, उनमें से कुछ की रिपोर्ट आ गई है। इसमें कुछ फिंगरप्रिंट मैच हो गए हैं। हालांकि, पुलिस फाइनल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उधर, सैफ की दो महिला स्टाफ मेंबर्स ने गुरुवार (6 फरवरी) को आरोपी शरीफुल की पहचान कन्फर्म कर दी।

नागा चैतन्य ने किया चौंकाने वाला खुलासा बोले-

# तंडेल की शूटिंग के दौरान नौसेना हमें गिरफ्तार कर ले गई



नागा चैतन्य की सह सहकलाकार और अभिनेत्री साई पल्लवी ने अभिनेता से खास बातचीत की। उन्होंने एक मजेदार इंटरव्यू लिया, जिसमें नागा ने कई दिलचस्प बातें साझा कीं। नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत तंडेल आज बड़े पर्दे पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म से चैतन्य करीब दो साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। हालांकि, यही एकमात्र कारण नहीं है कि यह फिल्म उनके लिए खास है। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि यह सच्चे किरदारों वाली एक सच्ची कहानी है। अब हाल ही में नागा चैतन्य की सह सहकलाकार और अभिनेत्री साई पल्लवी ने अभिनेता से खास बातचीत की। उन्होंने एक मजेदार इंटरव्यू लिया, जिसमें नागा ने कई दिलचस्प बातें साझा कीं। नागा ने साई से कहा कि वह एक हिट फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें पर्दे पर आए दो साल हो चुके हैं।

### मछुआरे की भूमिका क्यों निभा रहे हैं नागा चैतन्य

इस दौरान साई पल्लवी ने नागा चैतन्य से एक यूजर का सवाल पूछा, जिसने अभिनेता जैसे गोरे लड़के को आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के एक मछुआरे की भूमिका निभाते हुए देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। यूजर ने यह भी कहा कि अभिनेता अपनी उपस्थिति के कारण स्क्रीन पर एक अमीर लड़के की भूमिका निभाने के लिए अधिक उपयुक्त है। सवाल का जवाब देते हुए नागा चैतन्य ने कहा, एक अभिनेता का काम एक भूमिका में बदलना और खुद को आगे बढ़ाना और खुद को ऐसी भूमिकाएं करने के लिए चुनौती देना है, जो आपकी वास्तविकता से बहुत दूर हों। मैं खुद को एक मछुआरे के रूप में कैसे देखता हूं कि आपको फिल्म देखने के बाद मुझे स्कोर करना होगा।

# लकी हूं कि सोनू सूद के साथ काम करने का मौका मिला: कृष्णा पाटिल



फिल्म 'फतेह' से करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री कृष्णा प्रकाश पाटिल ने अभिनेता सोनू सूद के साथ काम करने के बारे में खुलकर बात की। उनका मानना है कि कहानी कहने के प्रति सोनू सूद का समर्पण प्रेरणादायक है। कृष्णा पाटिल खुद को लकी मानती हैं क्योंकि उन्हें न केवल अपनी पहली फिल्म में सोनू सूद के साथ काम करने का मौका मिला, बल्कि सूद ने उन्हें गाइड भी किया। उन्होंने कहा, सोनू सर के साथ काम करने का मेरा अनुभव बढ़िया रहा। वह एक प्रतिभाशाली अभिनेता और निर्देशक हैं, जिनके काम में जुनून के साथ ऊर्जा भी है। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में सह-कलाकारों से सर्वश्रेष्ठ अभिनय करवा सकने की उनकी क्षमता की प्रशंसा करती हूं। इसके अलावा, उन्होंने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने में मदद की और कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण प्रेरणादायक है। मैं उनके साथ काम करके खुद को लकी मानती हूं। कृष्णा पाटिल विज्ञान में स्नातक करने के बाद एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में किस्मत आजमाने के लिए मुंबई आई थीं। उन्हें अपनी पहली फिल्म के लिए प्रोडक्शन कंपनी से सीधा फोन कॉल आया था। उन्होंने बताया, मैंने पहले सोनू सूद के साथ कुछ विज्ञापनों में काम किया था और उनकी प्रोडक्शन टीम ने मुझे फतेह के ऑडिशन के लिए संपर्क किया। मैं चुनी गई और इस तरह मुझे पहला रोल मिला। अपने बड़े ब्रेक से पहले कृष्णा पाटिल एक मॉडल के रूप में काम कर रही थीं। उन्होंने टीवी, विज्ञापनों, प्रिंट कैंपेन और म्यूजिक वीडियो में काम किया। उनका पहला टेलीविजन विज्ञापन अभिनेता बोमन ईरानी के साथ था। कृष्णा पंजाबी सिंगर और अभिनेता जस्सी गिल के साथ उनके म्यूजिक वीडियो 'नखरे' में भी काम कर चुकी हैं। 'फतेह' की बात करें तो इस फिल्म को शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज ने तैयार किया है। सह-निर्माता अजय धामा हैं। फिल्म का निर्देशन करने के साथ ही मुख्य भूमिका भी सोनू सूद ने निभाई हैं। सोनू सूद के साथ फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और दिव्येंदु भट्टाचार्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# सैयामी खेर ने ऑस्ट्रेलिया में सर्फिंग सीखकर पूरी की अपनी पुरानी इच्छा

एक्ट्रेस और फिटनेस की शौकीन सैयामी खेर ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में सर्फिंग का शुरुआती लेवल पूरा किया है। सर्फिंग उनकी बकेट लिस्ट का हिस्सा था। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपना समय प्रकृति के बीच बिताया और अपने ट्रेनर के साथ सभी सेशन में 12 घंटे की ट्रेनिंग का हिस्सा रहीं। सैयामी हमेशा से ही खेल और नई चीजों को एक्सप्लोर करने के प्रति जुनूनी रही हैं। उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने के बारे में अपनी खुशी शेयर की। उन्होंने शेयर किया, सर्फिंग हमेशा से मेरी बकेट लिस्ट में रही है, और मैं इसे सीखने के लिए ऑस्ट्रेलिया से बेहतर जगह की कल्पना नहीं कर सकती थी। एक्ट्रेस ने बताया कि ये आसान नहीं था। उन्होंने कहा, जब मैं अनगिनत बार बोर्ड से गिरती थी तो निराशा के पल आते थे। लेकिन हर बार जब मैं लहर पर सवार होने में कामयाब होती थी। यह बहुत मजेदार और एडिक्टिव होता था। मैंने स्पष्ट रूप से केवल बेसिक बातें सीखी थीं, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसमें मैं निश्चित रूप से अच्छा बनना चाहती हूं। एक्ट्रेस अब वापस जाने और सर्फिंग में अपनी स्किल को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। करियर की बात करें तो सैयामी को हाल ही में फिल्म अग्नि में देखा गया था, जहां उन्होंने एक फायर फाइटर की भूमिका निभाई थी। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि वह स्क्रीन पर एक फायर फाइटर की भूमिका निभाकर अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस करती हैं। उन्होंने कहा, वर्दी में किसी की भूमिका निभाना, विशेष रूप से एक फायर फाइटर के रूप में, गहरे सम्मान, समझ और जिम्मेदारी की यात्रा रही है। फायर फाइटर्स सम्मान के हकदार हैं। वो दूसरों की रक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं, वह भी अक्सर बिना किसी पहचान के। पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रतीक गांधी, दिव्येंदु शर्मा, सई ताम्हणकर, जितेंद्र जोशी, उदित अरोड़ा और कबीर शाह भी हैं। सैयामी अगली बार सनी देओल अभिनीत 'जाट' में दिखाई देंगी, जो 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।



# सोनू निगम ने राष्ट्रपति भवन के अपने अनुभव को किया शेयर



मशहूर गायक सोनू निगम ने हाल ही में दिल्ली में अपने राष्ट्रपति भवन के दौरे के अनुभव को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के जरिए साझा किए। वीडियो में वे सर्दियों के कपड़ों में नजर आ रहे हैं और राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में घूमते हुए विचार व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जगह बेहद सुंदर है और यहां आकर उन्हें दिल, आंखों और आत्मा में शांति महसूस हो रही है।

उन्होंने इसे एक अद्भुत अनुभव बताया और सभी से अनुरोध किया कि वे भी इस उद्यान की सुंदरता और शांति का आनंद लेने आएं। सोनू निगम को हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने राष्ट्रपति भवन परिसर में नवनिर्मित ओपन एयर थिएटर में परफॉर्म करने का मौका मिला। वे इस ऐतिहासिक स्थान पर प्रस्तुति देने वाले पहले कलाकार बने। यह खास परफॉर्मेंस राष्ट्रपति भवन दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी। गायक ने इस यादगार पल को इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ साझा किया, जिसमें वे राष्ट्रपति के साथ नजर आ रहे थे।



# विक्की ने शेयर किया कटरीना से पहली मुलाकात का किस्सा

विक्की कौशल और कटरीना कैफ अपनी लव स्टोरी को लेकर काफी प्राइवेट रहे हैं। आमतौर पर दोनों की पहली मुलाकात के बारे में कहा जाता है कि वो जोया अख्तर के घर पर मिले थे। फिल्म छावा के प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में विक्की कौशल ने वाइफ कटरीना कैफ से अपनी पहली मुलाकात को बारे में नई बात बताई है।

### शो होस्टिंग के दौरान पहली बार मिले

पिंकविला से बात करते हुए अभिनेता ने कहा, 'मैं शो की मेजबानी कर रहा था और मुझे लगता है कि यह पहली बार था, जब मैं उनसे मिला और हमारी बात हुई। स्टेज पर तो कान में इयर पीस लगा होता है। लोग पीछे से गाइड करते रहते हैं कि ऐसा करो, वैसा करो। सब कुछ स्क्रिप्टेड होता है। लेकिन स्टेज के पीछे यह पहली बार था जब हमने एक-दूसरे को फॉर्मेली इंट्रोडक्शन दिया।

जब इंटरव्यू में विक्की से पूछा गया कि क्या वो कटरीना से मिलने से घबरा रहे थे? 'छावा' एक्टर ने मुस्कुराते हुए कहा- नहीं, मैं क्यों घबराऊंगा? वह बेहद प्यारी थीं। मुझे नहीं पता था कि वह मुझे जानती होंगी, लेकिन वह बेहद प्यारी थीं।



# हिमेश रेशमिया की बैडएस रवि कुमार समीक्षा

हर सुपरहिट एक्शन से पहले, सुपरहिट डायलॉग जरूरी होता है

हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडएस रवि कुमार रिलीज हो गई है। कहानी 80 के दशक की है, जहां एक सीक्रेट रील में भारत के बारे में कुछ खुफिया जानकारी है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान हमारे देश के खिलाफ करना चाहता है। पाकिस्तान के नापाक इरादों को रोकने के लिए रवि कुमार (हिमेश रेशमिया) आगे आते हैं। हिमेश के मिशन के दौरान कई चुनौतियां आती हैं और वह उनसे कैसे निपटते हैं, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी। फिल्म की शुरुआत में ही यह उल्लेख किया गया है कि तर्क वैकल्पिक है, और यह बात फिल्म पर लागू होती है। फिल्म भरपूर मसाला, एक्शन से भरपूर है और आपको हंसाएगी भी। फिल्म में ऐसे डायलॉग्स का खजाना है जो आपको सीटियां बजाने पर मजबूर कर देंगे। उदाहरण के लिए, कुंडली में शनि, घी के साथ हनी और रवि कुमार से दुश्मनी सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है, तेरे शरीर में इतना खून नहीं होगा, जितना रवि कुमार एक बार में यूरिन कर देता है, और इस तरह के कई अन्य हैं।

फिल्म में हिमेश का स्वैग काफी प्रभावशाली है और जिस तरह से वे अपने डायलॉग बोलते हैं वह काबिले तारीफ है। अभिनय की बात करें तो खलनायक प्रभु देवा ने कार्लोस पेड्रो पैंथर की भूमिका में शानदार अभिनय किया है; जिस तरह से वे इस भूमिका को निभाते हैं वह काफी शानदार है।

# निमरत कौर ने अपनी हाउसहेल्प और उनके बच्चों के साथ देखी फिल्म 'स्काई फोर्स'



अभिनेत्री निमरत कौर ने अपने हाउसहेल्प और उनके बच्चों के लिए फिल्म की एक खास स्क्रीनिंग आयोजित की। उन्होंने इस खास पल को तस्वीरों के जरिए साझा किया, जिसमें वे सभी फिल्म का आनंद लेते हुए नजर आ रहे हैं। निमरत के लिए यह एक भावनात्मक अनुभव था, क्योंकि उनके घरेलू सहायक कई सालों से उनके साथ जुड़े हुए हैं। यह उनकी ओर से आभार प्रकट करने का एक खास तरीका था, जिससे न केवल उनके कर्मचारियों को खुशी मिली, बल्कि उनके साथ रिश्ते भी और मजबूत हुए। निमरत कौर की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'स्काई फोर्स' को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 'स्काई फोर्स' 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, नवोदित अभिनेता वीर पहाड़िया और सारा अली खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। वीर पहाड़िया की झलकियां सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। फिल्म में निमरत ने अक्षय कुमार की पत्नी का किरदार निभाया है और अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया है। उन्होंने अपने किरदार में संवेदनशीलता और ताकत दोनों का बेहतरीन संतुलन दिखाया है, जिससे उनकी अभिनय क्षमता को और भी सराहा जा रहा है। 'स्काई फोर्स' की सफलता के बाद, निमरत जल्द ही 'सेक्शन 84' में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह अमिताभ बच्चन और डायना पेंटी के साथ अभिनय करती दिखाई देंगी। निमरत कौर एक आर्मी परिवार से आती हैं और सेना के प्रति उनका खास जुड़ाव है। हाल ही में उन्होंने भारतीय सेना दिवस पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने अपने ओटीटी शो 'द टेस्ट केस' के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वे सेना की वर्दी पहने नजर आईं। इन तस्वीरों में सेट के बीटीएस पल और ऑन-स्क्रीन एक्शन क्लिप शामिल थीं। अपने कैप्शन में उन्होंने लिखा कि वह एक गर्वित आर्मी किड हैं और हमेशा उन बहादुर सैनिकों को सलाम करेंगी, जो देश की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि 'द टेस्ट केस' में कैप्टन शिखा शर्मा का किरदार निभाना उनके लिए गर्व की बात थी और इस किरदार की ताकत ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया है।

# भाजपा में पर्यटन बना सबसे अधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र : गजेन्द्र सिंह शेखावत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ



हॉस्पीटैलिटी एंड टूरिस्म द्वारा इंटरनेशनल टूरिस्म स्टडीज एसोसिएशन और यूनाईटेड नेंशन्स टूरिस्म के सहयोग से 'पर्यटन ज्ञान और अभ्यास में अंतराल को कम करना- सतत विकास, पुनर्योजी पर्यटन, डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और हरित निवेश' नामक विषय पर शुक्रवार को त्रिदिवसीय अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ भारत सरकार के केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. अशोक कुमार चौहान, हिमाचल प्रदेश सेंट्रल विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. एसपी बंसल, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा. बलविंदर शुक्ला, इंटरनेशनल टूरिस्म स्टडीज एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो. सिने वैल जिल, यूनाईटेड नेंशन्स टूरिस्म के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डा. ओमार वाल्डेज,, महाराजा रीवा और एचएचएमसीटी एचएचआर ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन पुष्पराज सिंह, एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा. डब्लू सेल्वामूर्ती और एमिटी विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ हॉस्पीटैलिटी एंड टूरिस्म की डीन डा. मनोहर सजनानी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि कृषि के उपरांत पर्यटन सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने वाला क्षेत्र है। भारत केवल पर्यटन क्षेत्र ही नहीं बल्कि विश्व के लिए सबसे बड़ा बाजार बन रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा नये पर्यटन स्थल, पर्यटन उत्पाद जो सतत विकास में सहायक हो उनको विकसित करने के लिए राज्य सरकारों की सहायता की जा रही है। यह सम्मेलन विश्व पर्यटन क्षेत्र के लिए नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

डा अशोक कुमार चौहान ने कहा कि यह सम्मेलन युवा छात्र जो कल पर्यटन एंव आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में सफल व्यवसायिक बनेगे उनके विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, डा. बलविंदर शुक्ला, डा. डब्लू सेल्वामूर्ती द्वारा नेशनल टूरिस्म एक्सपो का शुभारंभ किया गया। जिसमें कुल 26 स्टाल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित कर रहे है और साथ ही भारत को सभी मौसमों में पर्यटन स्थल के रूप में पेश कर रहे है।

# ग्रेटर नोएडा पहुंचे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ग्रेटर नोएडा आगमन पर उनके स्वागत में पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। अखिलेश यादव दिल्ली से सड़क मार्ग से ग्रेटर नोएडा स्थित सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी की पुत्री की शादी में आशीर्वाद देने उनके आवास पर पहुंचे थे। इस मौके पर अखिलेश यादव नेकहा कि अमेरिका में भारतीयों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार पर प्रधानमंत्री मौन क्यों हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में जीत का दावा किया तथा कहा कि पीडीए का परचम तेजी से लहरा रहा है।

इस मौके पर मुख्य रूप से फकीर चंद नागर, सपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष डा. आश्रय गुप्ता, सुनील देवटा, यूनुस प्रधान, कपिल ननका, दीपक देवटा, ओंकार भाटी, जगवीर नंबरदार, अक्षय चौधरी, विनोद लोहिया, महेश भाटी, जुगती सिंह, शौकत अली चेची, विक्रम टाइगर, इंजी गजेन्द्र यादव, हसरुद्दीन खान, हुकुम सिंह भारती, संजय खान, अनूप पंडित,आशु चौधरी, अभिषेक भाटी, बालेश्वर बाल्मीकि, विवेक बेनीवाल, मंदीप भाटी आदि मौजूद रहे।

# अब दो धर्मपाल सर्फाबाद की पहचान बने : डी.पी. यादव

## पावर लिफ्टिंग में धर्मपाल यादव ने जीता स्वर्ण पदक, हुआ सम्मान समारोह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** इजिप्ट देश में आयोजित एशियन चैंपियनशिप



पावर लिफ्टिंग में सर्फाबाद, सेक्टर 73, नोएडा के धर्मपाल यादव ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र एवं प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का नाम रोशन किया है। इस उपलक्ष में स्वर्ण पदक विजेता के सम्मान में सेक्टर-73 स्थित सामुदायिक केंद्र में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, सांसद एवं विधायक डीपी यादव रहे।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री डीपी यादव ने कहा कि एशियन चैंपियनशिप पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतकर धर्मपाल ने न सिर्फ अपने गांव सर्फाबाद एवं नोएडा का बल्कि अपने प्रदेश एवं देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि मुझे अत्यंत खुशी है कि अब तक इस गांव में एक ही धर्मपाल था मगर आज एक नहीं दो-दो धर्मपाल इस गांव की पहचान बने हैं।

इस अवसर पर बदायूं से ब्लॉक प्रमुख विक्रांत यादव ने कहा कि धर्मपाल यादव को मिला सम्मान पूरे क्षेत्र का सम्मान है। धर्मपाल की इस उपलब्धि पर सभी को गर्व है।

स्वर्ण पदक विजेता धर्मपाल यादव ने कहा कि अपनी इस उपलब्धि के लिए मैं अपने कोच एवं बड़े भाई को श्रेय देता हूं।

# डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों की खैर नहीं

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के डूब क्षेत्र के तहत आने वाले एक दर्जन गांवों के आसपास यदि किसी ने अवैध निर्माण किया तो खैर नहीं। अवैध निर्माण करने वाले या तो स्वयं अवैध निर्माण हटा लें वरना उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अभियंता सिंचाई निर्माण खंड ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में ग्राम छजारसी, चोटपुर, गढ़ी चौखण्डी, हैबतपुर, पर्थला खंजरपुर, सौरखा जाहिदाबाद, बिसरख, ककराला ख्वासपुर, अलावर्दीपुर हल्दौनी, जलपुरा, कुलेशरा, इलाबास, सुथियाना, शहदरा, लखनावली, बेगमपुर, मुबारिकपुर, गूजरपुर, झट्टा, बादौली, तुगलपुर, कोंडली बोंगर, शफीपुर, चुहड़पुर, मोमनाथल, तिलवाड़ा, मोतीपुर, गढ़ी समस्तिपुर, कॉडली खादर, बादौली खादर, कामबक्शपुर, औरंगाबाद, गुलावली, दलेलपुर, याकूतपुर, दोस्तुपर मंगरौली, असदुल्लापुर ग्रामों की भूमि हिण्डन एवं यमुना नदी के डूब क्षेत्र में स्थित है। यदि किसी के द्वारा हिण्डन/ यमुना नदी के डूब क्षेत्र में ग्रामों की भूमि में अवैध निर्माण कराया जा रहा है, तो इस अवैध निर्माण को तुरन्त हटा लें।

शासनादेश सं0-1417वी-27-सि-2-181 बाढ़/2009 दिनांक 16.03.2010 एवं मा0 नेशनल ग्रीन ट्रिबुनल नई दिल्ली द्वारा दिनांक 20.05.2013 को पारित आदेशानुसार इस स्थल पर किसी भी प्रकार का निर्माण अनुमन्य नहीं है। इस प्रकार के अवैध निर्माण के कारण बाढ़ से होने वाली क्षति कोई प्रतिपूर्ति शासन / प्रशासन/सिंचाई विभाग द्वारा नहीं की जायेगी तथा बाढ़ सुरक्षा कार्य नहीं करायें जायेगें साथ ही अवैध निर्माण से होने वाली क्षति की वसूली अवैध निर्माणकारियों से की जायेगी। अवैध निर्माण/ अतिक्रमणों को स्वेच्छा से हटा लें अन्यथा स्वेच्छा से न हटाये जाने पर उक्त शासनादेश के उपप्रस्तर (2) तथा (3) की विधिक व्यवस्थाओं के अधीन अवैध निर्माणकारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।


SAHARA BUILDER & PROPERTIES™

ISO 9001:2008

PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


# नोएडा रंग महोत्सव में होगा 45 नाटकों का मंचन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बाबा केदारनाथ चेरिटेबल सोसाइटी (एन.जी.ओ) संचालक ईशान म्यूजिक कॉलेज तथा ड्रामाटरजी आर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में नोएडा रंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ।

रंग महोत्सव में देश भर से 40 टीम भाग ले रही है , इसमें 45 से ज्यादा नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। ये नाट्य महोत्सव 5 फरवरी से 9 फ़रवरी तक चलेगा। 5 फरवरी को इस नाट्य महोत्सव का उद्घाटन संदीप मारवाह फिल्म मेकर द्वारा किया गया। इस नाट्य महोत्सव में देश भर की 40 टीम हिस्सा ले रही है। जिसमें प्रसिद्द लेखकों के नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे ।

## 9 तक ईशान म्यूजिक कॉलेज के प्रेक्षागृह में चलेगा मंचन

आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि आज के क्रम में नाटक बटोही (आधार , मोतीलाल नेहरू कॉलेज), नेतुवा (रंगायन - ए. आर. एस .दी), दालमोंठ (ड्रामनोमिक्स - सीवीएस), एक सपने की मौत (सिफर- महाराजा सूरजमल इंस्टीट्यूट), द फर्स्ट एंड द लास्ट (एंट्रेस परफॉर्मिंग ग्रुप), अपंग दबंग (मोक्ष अरबिंदो कॉलेज), पटरियां (ऐलान थिएटर ग्रुप), पुरुष - द गॉड ऑफ फ्यू इंचेस (सांझ बती फाउंडेशन), द रेड फसाद (समर्थ थिएटर ग्रुप) प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें प्रसिद्ध लेखक शुद्धो बनर्जी का प्ले पुरुष भी प्रस्तुत किया जाएगा। दशकों से भरे ऑडिटोरियम में अनेकों कलाकार निर्देशक निर्माता जगह-जगह खेले जा रहे नुक्कड़ नाटक मंच पर मंचित होते अनेक लेखकों के लेखन की कल्पनाएं ईशान म्यूजिक कॉलेज को दिल्ली के मंडी हाउस का स्वरूप दे रही हैं। बहुत मनोरम और कला प्रेमियों के लिए एक बेहतर केंद्र के रूप में ईशान म्यूजिक कॉलेज का सहयोग मिल रहा है।

## नोएडा स्टेडियम श्रीराम कथा

# जीवन में सफल होना है तो बड़ों का सम्मान करो : विजय कौशल



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा स्टेडियम में चल रही दिव्य श्री राम कथा में सातवे दिन कथावाचक संत विजय कौशल महाराज ने भगवान राम के वनवास का प्रसंग सुनाया।

कथा में भगवान राम के साथ मां जानकी और लक्ष्मण जी के वन के लिए जाने के समय समस्त भक्त भाव विभोर हो गए। उसके बाद भगवान राम भक्त राज हनुमान के मिलन की कथा सुनाई। उन्होंने हनुमान जी के लंका में जाने, विभीषण जी से मिलकर रावण की लंका नगरी में राम कथा सुनाना और उनका भक्ति रूपी सत्संग से मार्गदर्शन करने और मां जानकी का पता लगाकर उनसे मिलने की कथा कही।

कथा व्यास ने आज के युवाओं से कहा कि अगर जीवन में सफल होना चाहते हो तो अपने से बड़े लोगो का सम्मान करो। उनके अनुभव से सीखो। कथा में नेवैद्य शर्मा, संदीप अग्रवाल, मुकुल वाजपेयी, विनोद शर्मा, संदीप तायल, ओंकार नाथ अग्रवाल, एसी अग्रवाल, पीके अग्रवाल, राजेश गुप्ता, ओमप्रकाश दादू, रमेश बंसल, एसके गोयल, वरुण तिवारी, महेश अग्रवाल, अतुल मंगल, राजीव अग्रवाल, संजीव गुप्ता, डीके मित्तल, आलोक बंसल, राजेंद्र गर्ग, रमानाथ दास, सीए मनोज बंसल, राजकुमार गर्ग, सीए आयुष गुप्ता, एनपी जयसवाल, पंकज गोयल आदि मौजूद रहे।




